डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

दिनांक सम्वाददाता के प्रकाशित, मंगलवार 06.02.2024 से 12.02.2024 वर्ष-46 अंक-06 मूल्य ₹ 10.00

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

मध्यप्रदेश के पदक विजेताओं को अगले खेलों के लिये दिये जायेंगे पांच लाख रुपये

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी देकर अद्भुत कार्य किया है। उनके नेतृत्व में एक नए भारत का उदय हो रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की महिला टीम ने ट्वेंटी-20 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीता है। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए मध्यप्रदेश में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश में 18 खेलों के लिये 11 खेल अकादमी स्थापित की गई हैं। ये अकादमी नए खिलाड़ी गढ़ने का काम करेंगी। देश के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करेंगे। मध्यप्रदेश के खिलाड़ी जो पदक जीत कर आयेंगे उनको अगले खेलों के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जोर लगा दो जान लगा दो हिन्दुस्तान का दिल धड़का दो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सही कहते हैं कि जब कोई खिलाड़ी ओलिंपिक में पदक जीतता है, तो 130 करोड़ देशवासी गौरवान्वित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिये हर स्तर पर प्रयास किये गये हैं। पहले मध्यप्रदेश की खेलों में गिनती नहीं होती थी। पिछले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 38 पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पहले खेलों का बजट 5 करोड़ रुपये हुआ करता था, जो अब बढ़ कर 347 करोड़ रुपये हो गया है। प्रदेश के खिलाड़ियों और खेलों को आगे बढ़ाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी और न ही फंड की कमी आने देंगे।

केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स जब पिछली बार हरियाणा में हुआ था तो कई रिकॉर्ड टूटे, जिसमें लड़कियों की भूमिका उल्लेखनीय रही। मध्यप्रदेश में भी ऐसे ही कई रिकॉर्ड तोड़ने के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

मध्यप्रदेश की खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स से मध्यप्रदेश में खेलों का नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश को खेलो इंडिया की मेजबानी देने के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।

शिवभक्ति केंद्रित नृत्य की हुई प्रस्तुति

समारोह में शिवभक्ति केंद्रित नृत्य की प्रस्तुति हुई। टीटी नगर स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड में लगभग 100 मीटर लम्बे स्टेज पर मध्यप्रदेश की संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को दर्शाया गया। इसमें नर्मदा घाट, खजुराहो मंदिर, भीमबेटका, श्री महाकाल महालोक, सांची स्तूप, ओरछा के मंदिर, भेड़ाघाट और ग्वालियर फोर्ट की प्रतिकृति बनाई गई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के शुभारंभ समारोह में लेजर-शो के साथ आकर्षक आतिशबाजी की गई।

गायक शान और नीति मोहन ने दी प्रस्तुति

समारोह में सिने जगत के सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर श्री शान और सुश्री नीति मोहन ने गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से मौजूद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का मन मोह लिया। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध ड्रमर शिवामणि और ग्रुप द्वारा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की 100 लोक कलाकारों के साथ प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त अभिलिप्सा पांडा द्वारा 'हर हर शंभु' और नटराज डांस ग्रुप की प्रस्तुति, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा जी-20 की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर शानदार डांस प्रस्तुति दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से

शुरू होंगे लाड़ली बहना योजना के आवेदन

भोपाल, बहनों के लिये शुरू की जा रही लाड़ली बहना योजना के आवेदन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू किये जायेंगे। योजना में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये की राशि उनके खाते में अंतरित की जायेगी। हितग्राहियों को चिन्हित करने के लिये गांव-गांव और वॉर्डों में जाकर आवेदन भरवाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे योजना में मिलने वाली राशि का उपयोग परिवार को मजबूत बनाने में करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में भोपाल, सागर और उज्जैन संभाग के 24 लाख 94 हजार से अधिक हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 73 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की राशि एक हजार 465 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी बहनों की जिन्दगी को आसान बनाना चाहता हूं। पूर्व से संचालित योजनाओं के साथ अब लाड़ली बहना योजना मेरी बहनों की जिन्दगी को संवारेगी। योजना में मिलने वाली राशि से महिलाएं अपने बच्चों के लिए दूध, फल और सब्जी की व्यवस्था कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने हमारी बहुत-सी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था, वे सभी योजनाएं पुनः शुरू कर दी गई हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान से प्रदेश में 83 लाख ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया, जो शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की पात्रता रखते हैं। इन सभी नागरिकों को योजनाओं में लाभान्वित करने स्वीकृति-पत्र वितरण का कार्य प्रदेश में चल रहा है।

बजट 2023

देश में खुलेंगे 157 नए नर्सिंग कॉलेज

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने केंद्रीय बजट 2023 को सर्वजन हितैषी बजट बताते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल का यह बजट आत्मनिर्भर भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचायेगा। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का अभिनंदन करते हुए कहा कि बजट में 157 नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की घोषणा को लेकर कहा कि ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश निरंतर सशक्त हो रहा है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

पुलिस ने देशभक्ति और जन-सेवा के मूल मंत्र को साकार किया - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश के पुलिस प्रशासन पर हमें गर्व है। प्रदेश पर जब भी संकट आया पुलिस प्रशासन के साथियों ने दिन-रात एक कर काम किया और प्रदेशवासियों को राहत पहुंचाई। कोविड का कठिन दौर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारे अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी जान दांव पर लगा कर व्यवस्थाएं संभाली और कुछ लोग इसमें शहीद भी हुए। कोविड काल में प्रदेश में सेवा का नया अध्याय रचा गया। पुलिस ने देशभक्ति और जन-सेवा के मूल मंत्र को साकार किया। प्रदेशवासियों को हमसे बहुत अपेक्षाएं हैं, टीम मध्यप्रदेश बेहतर कार्य कर रही है, पर सुधार की गुंजाइश सदैव बनी रहती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन के प्रथम-सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शांति का टापू है। यहां सभी माफिया गतिविधियों को समाप्त कर दिया गया है। डकैती उन्मूलन के साथ ही नक्सलवाद के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। प्रदेश में एक करोड़ 14 लाख के इनामी 6 नक्सलियों को समाप्त करने के लिए हॉक फोर्स बधाई की पात्र है। प्रदेश में नक्सली गतिविधियां केवल छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर शेष हैं। प्रदेश के अंदरूनी जिलों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

जुआ, सट्टा और ड्रग्स समाज के दुश्मन

श्री चौहान ने कहा कि जुआ, सट्टा और ड्रग्स समाज के दुश्मन हैं। इनमें लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। मॉं-बहन-बेटी के सम्मान की सुरक्षा और उन्हें सशक्त करने के प्रयासों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उनके साथ दुर्व्यवहार करने वालों को आजीवन कारावास और फॉंसी तक की सजा दी गई है। ऐसे व्यक्तियों की आर्थिक रूप से कमर भी तोड़ी गई है। यह कार्यवाही असामाजिक तत्वों में भय व्याप्त करने में सहायक रही है। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में व्यवस्था एवं सुरक्षा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

केंद्र और राज्य के सह अस्तित्व की भावना को और मजबूत करेगा नवीन भवन - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में मध्यप्रदेश भवन का लोकार्पण किया।

नई दिल्ली, जिस तरह से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बजट के माध्यम से 50 साल के बाद के भारत की बुनियाद रखी है, उसी तर्ज पर हमने दिल्ली में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण नवनिर्मित मध्यप्रदेश भवन को आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया है।

यह भवन केंद्र और राज्य के सह अस्तित्व की भावना को और मजबूत करेगा। साथ ही देश की राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश की विरासत, कला, संस्कृति और प्रदेश के आमजन के प्रतीक के रूप में उभरेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में नवनिर्मित मध्यप्रदेश भवन का लोकार्पण करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भवन का प्रत्येक फ्लोर प्रदेश की अलग संस्कृति को दर्शाता है। भवन में बाहर से लेकर अंदर तक हर कदम पर राज्य की धार्मिक, सांस्कृतिक, कला और परंपरा प्रदर्शित है, जो मध्यप्रदेश के कण-कण से रू-ब-रू करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 108 कक्ष निर्मित किये गये हैं।

28 जनवरी

भारत ने किया हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल का सफल परीक्षण

● भारत ने ओडिशा के चांदीपुर में स्वदेशी तकनीक से निर्मित हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (एचएसटीडीवी) मिसाइल का सफल परीक्षण किया। आवाज की गति से छह गुना ज्यादा रफ्तार से जाकर लक्ष्य को भेदने की क्षमता रखने वाली यह मिसाइल भारत की हवाई सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करेगी। यह मिसाइल अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली को चकमा दे सकती है। परीक्षण के दौरान एचएसटीडीवी की उड़ान परीक्षण के साथ हाइपरसोनिक एयर ब्रीदिंग स्क्रैम जेट तकनीक का भी सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने एचएसटीडीवी मिशन की सफलता पर कहा कि इस सफल प्रदर्शन से भारत उन्नत हाइपरसोनिक वाहनों के लिये मार्ग प्रशस्त करने वाली हाइपरसोनिक रिजीम में प्रवेश कर गया है।

● भारत ने सिंधु जल समझौते के प्रावधानों के तहत पाकिस्तान को नोटिस भेजा है। भारत का आरोप है कि पाकिस्तान सिंधु जल समझौते से जुड़े मुद्दे को आपसी बातचीत से या पहले से निर्धारित व्यवस्था के तहत सुलझाने को लेकर गंभीर नहीं है। भारत के सिंधु जल आयुक्त ने पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त को 25 जनवरी को नोटिस भेजा था, पाकिस्तान को इस नोटिस का 90 दिनों के भीतर जवाब देना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सितम्बर, 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों से पानी की आपूर्ति का बंटवारा नियंत्रित किया जाता है।

29 जनवरी

अमेरिका एक मार्च से शुरू करेगा एच-1बी वीजा पंजीकरण

● अमेरिका में एच-1 बी वीजा के लिये पंजीकरण प्रक्रिया एक मार्च से शुरू होने

जा रही है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा है कि देश में एक अक्टूबर, 2023 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये एच-1बी वीजा का प्रारंभिक पंजीकरण एक मार्च से 17 मार्च तक रहेगा। एच-1बी वीजा के लिये इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। यूएससीआईएस ने बताया कि प्रत्येक पंजीकरण के लिए एक नंबर मिलेगा, जिसके जरिये पंजीकरण को ट्रैक किया जा सकेगा। एच-1बी वीजा एक नॉन इमीग्रेंट वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। इस वीजा के जरिये कुशल विदेशी कामगारों को अमेरिका में छह वर्ष तक रहने और काम करने की अनुमति मिलती है।

● केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम की मजबूती के लिये परामर्शदाताओं, निवेशकों और उद्यमियों का अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क तैयार करने की बात कही है। श्री गोयल ने हैदराबाद में आयोजित स्टार्टअप-20 सहभागिता समूह की बैठक में अपने संदेश में स्टार्टअप की सफलता के लिये सेंस यानी शेयर, शोध, पालन-पोषण, सेवा और सशक्तिकरण का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी हिस्सों में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने के वैश्विक प्रयासों को पोषित करने के लिये राष्ट्रों की सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

30 जनवरी

विश्वविद्यालयों में नये साक्षरता अभियान के लिये गाइडलाइन जारी

● देश में शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिये केंद्र सरकार ने

बड़ी पहल की है। सरकार ने इसके लिये एक नया साक्षरता अभियान तैयार किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस अभियान के लिये एक विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के लिये हर वर्ष कम से कम पांच अनपढ़ लोगों को पढ़ाना जरूरी होगा। इसके लिये विद्यार्थियों को क्रेडिट स्कोर दिया जायेगा, जो उनके कोर्स में जुड़ेगा। गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक कोर्स के प्रोजेक्ट वर्क और असाइनमेंट को नये साक्षरता अभियान से जोड़ने के लिये कहा गया है। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों तरह के कोर्स शामिल होंगे। यूजीसी ने कहा कि इस पहल से देश में साक्षरता की मुहीम काफी तेज हो सकेगी।

● केंद्र सरकार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये देश में निर्मित पहली वैक्सीन हृयूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन 'सर्वावैक' को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करेगी। एक जानकारी के अनुसार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय देश में 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने की तैयारी कर रहा है। यह टीकाकरण इस वर्ष जून माह से शुरू हो सकता है। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन (एनटीएजीआई) सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में इस वैक्सीन के उपयोग की मंजूरी दे चुका है।

31 जनवरी

यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान नहीं देगा अमेरिका

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेन

के सहयोगी अमेरिका ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यूक्रेन ने रूस के खिलाफ युद्ध में हमसे एफ-16 लड़ाकू विमान मांगे थे, लेकिन हम उन्हें ये विमान उपलब्ध नहीं करायेंगे। बाइडेन का यह बयान यूक्रेन के लिये झटका माना जा रहा है, क्योंकि यूक्रेन लगातार अमेरिका पर एफ-16 के लिये दबाव बना रहा था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कुछ दिन पहले कहा था कि पूर्वी मोर्चे पर रूस की आक्रामकता लगातार बढ़ रही है, ऐसे में उसे एफ-16 जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन, अमेरिका सहित पश्चिमी देशों की तरफ से मिल रही मदद के सहारे ही रूस से टक्कर ले रहा है।

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में 15वर्ष से अधिक पुराने सभी सरकारी वाहन एक अप्रैल 2023 के बाद कबाड़ हो जायेंगे। इनमें केंद्र और राज्य सरकारों के स्वामित्व वाले सभी वाहन और परिवहन निगमों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्वामित्व वाली बसें भी शामिल हैं। इन वाहनों का पंजीकरण रद्द कर स्क्रैप कर दिया जायेगा। श्री गडकरी ने कहा कि सरकार इथेनॉल, मेथेनॉल, बायो सीएनजी, बायोएलपीजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग को सुविधाजनक बनाने पर काम कर रही है।

1 फरवरी

आरबीआई ने जारी किया डिजिटल पेमेंट इंडेक्स

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपना छमाही डिजिटल पेमेंट इंडेक्स

(डीपीआई) जारी किया है। आरबीआई ने कहा देश में डिजिटल पेमेंट इंडेक्स पिछले छह महीने में बढ़ा है। सितम्बर, 2022 में डीपीआई 377.46 रहा, वहीं मार्च 2022 के आंकड़े की बात करें तो यह 349.30 के स्तर पर था। आरबीआई के अनुसार डीपीआई सूचकांक में लगातार हो रही वृद्धि बताती है कि देश में डिजिटल पेमेंट का दायरा बढ़ रहा है। आरबीआई ने कहा कि भुगतान ढांचे और भुगतान प्रदर्शन में वृद्धि से डीपीआई सभी मानकों पर बेहतर हुआ है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने डिजिटल भुगतान की वृद्धि पर नजर रखने के लिये मार्च 2021 में डिजिटल पेमेंट इंडेक्स जारी करने की शुरुआत की थी। इसके लिये वर्ष 2018 को आधार वर्ष माना गया था। इस सूचकांक को पांच व्यापक मानदंडों पर तैयार किया गया है, जिनमें भुगतान ढांचा और आपूर्ति पक्ष जैसे कारक शामिल हैं।

● अमेरिका में लागू कोविड पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी और नेशनल इमरजेंसी को हटाने की तैयारी की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने ऐलान किया है कि 11 मई, 2023 से देश में ये दोनों इमरजेंसी खत्म कर दी जायेंगी। अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव लेजिस्लेशन ने मांग की थी कि कोविड इमरजेंसी को तुरंत खत्म किया जाये, लेकिन बाइडेन प्रशासन ने इसे तुरंत न हटाते हुये इसे 11 मई को हटाने का फैसला लिया है। अमेरिका में जनवरी, 2020 को तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोविड इमरजेंसी लागू की थी।

2 फरवरी

भारत से सैन्य सहयोग मजबूत करेगा अमेरिका

● हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिये अमेरिका भारत के साथ सैन्य सहयोग मजबूत करेगा। यह जानकारी अमेरिका के उप रक्षा मंत्री डॉ. कैथलीन हिक्स ने भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल से मुलाकात के दौरान दी। श्री डोभाल ने अमेरिका दौरे पर अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। श्री डोभाल और कैथलीन हिक्स के बीच हुई वार्ता के बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इरिक पाहोन ने कहा कि बैठक में हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों से निपटने को लेकर रणनीति बनाने और सैन्य सहयोग मजबूत करने को लेकर बातचीत हुई। भारत के साथ सहयोग और साझेदारी बढ़ाना और इसे अमलीजामा पहनाना अमेरिकी रक्षा विभाग की प्राथमिकता है। दोनों देशों के बीच औद्योगिक रक्षा को लेकर भी वार्ता हुई।

● राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अपने यहां कैडेट्स की संख्या बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। एनसीसी के अधिकारियों ने बताया कि देश में अभी एनसीसी कैडेट्स की संख्या 15 लाख है, जिसे बढ़ाकर 23 लाख किया जायेगा। अगले कुछ वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लगभग 8 लाख कैडेट्स एनसीसी में जोड़े जायेंगे। एनसीसी के अनुसार दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों के शैक्षिक संस्थानों के छात्रों की संख्या एनसीसी में कम है, लिहाजा अब हम इस पर जोर देंगे कि सुदूर क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी एनसीसी से जुड़ें।

3 फरवरी

सिविल सेवा परीक्षा के जरिये आईआरएमएस में होगी भर्ती

● रेल मंत्रालय ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिये अधिकारियों की भर्ती करने का

निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि वर्ष 2023 में आईआरएमएस के लिये अलग से परीक्षा आयोजित की जानी थी, लेकिन अब यह फैसला बदला गया है। रेल मंत्रालय ने यूपीएससी और डीओपीटी के परामर्श से यह निर्णय लिया है कि आईआरएमएस में भर्ती यूपीएससी द्वारा वर्ष 2023 के लिये आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से की जायेगी। आईआरएमएस परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में उम्मीदवारों को एक प्रारंभिक परीक्षा देनी होगी। प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा और फिर इंटरव्यू में शामिल होना होगा।

● केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना की अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। वर्ष 2019 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2022 तक 30800 मेगावॉट की अतिरिक्त सौर क्षमता प्राप्त करना है। केंद्रीय नवीन और नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि कोरोना महामारी के कारण पीएम-कुसुम योजना के क्रियान्वयन की गति काफी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि देश में 39 पनबिजली परियोजनाओं में से नौ परियोजनाओं पर काम रुका हुआ है। इन परियोजनाओं को फिर से शुरू करने के लिये पीएम-कुसुम योजना की अवधि में वृद्धि की गई है।

18 वर्षों के अनुभव के साथ
Join Capsule Course
CTET/MP TET
CMAT/CUET
नर्सिंग/10th/11th/12th
बालाजी® (Since 2004) ट्यूटोरियल्स
221 वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-48165/2023

ARTEMISIA Business School
APPOINTMENT
TigariaRao, Kanadia Main Road, Behind Spring Valley School, Pragati Vihar, Indore MP 452016
Applications are invited for
Faculty Position in MBA Program
DIRECTOR - PROFESSORS
ASSOCIATE PROFESSORS - ASSISTANT PROFESSORS
Specialization: IT, HR, Marketing, Finance, Operation, Business Analytics and General Management.
Eligibility:- As per AICTE / DAVV College Code 28
Send your CV with testimonials at above address within 10 days or
E: artemisiabschool@gmail.com, P: 7089788888
R-48150/2023

वर्ष 40, अंक 6 06.02.2023 से 12.02.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राधवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

समन्वित प्रयासों से ही प्रगति, विकास और जनकल्याण के परिणाम आयेंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे समन्वित प्रयास से ही प्रगति, विकास और जनकल्याण के परिणाम आयेंगे। यह हमारा और आपका भाग्य है कि हमें ऐसा महत्वपूर्ण दायित्व मिला, जिससे हम जनता की जिन्दगी बदल सकते हैं। हमें बिना एक क्षण गवाये प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिये कार्य करना है। हममें से प्रत्येक को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना, तड़प और वेदना के साथ अपनी समस्त ऊर्जा क्षमता और विस्तारशीलता के साथ प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिये निरंतर सक्रिय रहना है। भोपाल स्थित मंत्रालय में हुई कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, समस्त कमिश्नर और कलेक्टर्स उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में काम कर रहे अधिकारियों के प्रयासों से ही विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। इंदौर कलेक्टर ने जनसुनवाई, सीहोर कलेक्टर ने शिक्षकों के सहयोग से स्मार्ट क्लास आरंभ करने और डिंडोरी कलेक्टर ने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और उनके त्वरित निराकरण में सराहनीय कार्य किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कलेक्टर अपने स्तर पर नवाचार कर रहे हैं। अधिकारी अपने कैरियर में सामान्यत: 6 से 8 साल की अवधि तक जिला कलेक्टर के रूप में कार्य करते हैं। इस अवधि में पूरा परिश्रम, उत्साह, बाधाओं का सामना करने की क्षमता और विजन के साथ मिशन मोड में इस प्रकार काम करें कि यह अवधि जीवनभर आपको संतोष दे और आपका कार्यकाल सकारात्मक रूप से याद किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। प्रदेश की विकास दर, प्रति व्यक्ति आय और जीएसडीपी में प्रदेश का योगदान निरंतर बढ़ा। देश-दुनिया में प्रदेश की सकारात्मक छवि निर्मित हुई है। जिला और संभागों में कलेक्टर-कमिश्नर ही शासन के प्रतिनिधि हैं। आप जैसा कार्य करेंगे, शासन की छवि वैसी ही निर्मित होगी। लोकतंत्र में हमारा लक्ष्य जनता का कल्याण और उन्हें बेहतर जीवन देना है। प्रदेशवासियों को बिना परेशानी के समय-सीमा में बिना लिये दिये योजनाओं का लाभ मिले और उनके शासन से संबंधित कार्य सरलता से हों, यही सुशासन है। हमें अपने-अपने क्षेत्र में सुशासन सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सतर्कता और सावधानी बनाये रखना आवश्यक है। बेहतर छवि के लिये नकारात्मक समाचारों का तत्काल खंडन और त्वरित कार्यवाही की जाये। यह कॉन्फ्रेंस अपने कार्य को और अधिक बेहतर कैसे कर सकते हैं इस पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से बुलायी गयी है। बैठक में तनावमुक्त होकर सम्मिलित हों और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के संबंध में जिलों में जो नवाचार किये गये हैं उन्हें तथा योजनाओं को अधिक लाभकारी और उनके क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने में अधिकारी अपने सुझाव दें।

ग्लूकोज स्तर सामान्य रखना होगा आसान

दुनियाभर के वैज्ञानिक डॉयबिटीज के मरीजों के बेहतर उपचार के लिये नये-नये उपायों की खोज करते रहते हैं। अब अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्होंने एक ऐसा इम्प्लांटेबल डिवाइस तैयार किया है, जिससे टाइप-1 मधुमेह के रोगियों को बीमारी से कुछ हद तक निजात मिल सकती है। यह ग्लूकोज के स्तर को सामान्य रखता है। इस विषय में शोधकर्ताओं ने बताया कि ह्यूस्टन मेथोडिस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में एक शोध दल ने आइलेट कोशिकाओं को सीधे एक 3डी प्रिंटेड डिवाइस से जोड़ा। इस डिवाइस के आइलेट कोशिकाओं से जुड़ते ही शरीर ने स्वस्थ ग्लूकोज के स्तर को बहाल किया और 150 से अधिक दिनों के लिये टाइप-1 मधुमेह के लक्षणों को समाप्त कर दिया। इस दौरान मधुमेह के मरीज ने बेहतर महसूस किया। अध्ययन के प्रमुख लेखक एलेसेंड्रो ग्राटोनी ने कहा, हालांकि अभी इस उपकरण के दुष्परिणामों के बारे में ज्यादा पता नहीं लगाया जा सका है। ग्राटोनी ने कहा, उनके सहयोगी अगले कुछ वर्षों में इस शोध का विस्तार करेंगे। अगले तीन वर्षों में मनुष्यों में इस उपकरण से सुरक्षा का परीक्षण किया जायेगा। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस तकनीक से डायबिटीज से प्रभावित लाखों लोगों का इलाज किया जा सकता है, उन्होंने कहा इस उपकरण से मधुमेह को पूरी तरह खत्म तो नहीं किया जा सकता, लेकिन शरीर में ग्लूकोज के स्तर को काफी हद तक सामान्य रखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा, इंसुलिन लेना बीमारी का सबसे पारंपरिक उपचार है, लेकिन ग्लूकोज के स्तर पर नियंत्रण प्राप्त करना रोगियों के लिये चुनौतीपूर्ण बना रहता है। अधिक गंभीर मामलों में रोगियों को अग्नाशय और गुर्दा प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है या वे आइलेट सेल प्रत्यारोपण करा सकते हैं। यह उपकरण त्वचा के नीचे लगाया जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह एलोजेनिक आइलेट प्रत्यारोपण और दीर्घकालीन टाइप-1 मधुमेह प्रबंधन के लिये अब तक का सबसे बेहतरीन तरीका हो सकता है। आने वाले समय में इसे और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

विश्व कैंसर दिवस | 4 फरवरी

कैंसर के उपचार में बड़े बदलाव के संकेत

कैंसर उपचार की दिशा में पिछले कुछ समय से रोग की पहचान और उपचार के नजरिये से क्रांतिकारी बदलाव के संकेत सामने आते हैं। मुख्य रूप से इक्कीसवीं सदी के पहले बाइस साल ऐसे बदलाव के साक्षी रहे। यह कालखण्ड कैंसर की पहचान और उपचार के लिये चौतरफा कोशिश के लिये याद रखा जायेगा, जिन बदलावों की इस दशक में खास चर्चा रही, वे बदलाव रहे -

कैंसर की इम्यूनोथैरेपी : कैंसर के उपचार में इन दिनों बड़ी उपलब्धि के रूप में सबसे ज्यादा चर्चा है- 'इम्यूनोथैरेपी' की। मानव शरीर को अपने अन्दर जब किसी नुकसानदेह चीज का अहसास होता है तो वह शरीर में एण्टी बॉडीज बना लेता है। इस थैरेपी में इंजेक्शन लगाकर एण्टी बॉडीज को बढ़ाया जाता है, यह एण्टी बॉडीज कैंसर सेल्स को मारती है। शुरुआती स्थिति में कैंसर की यह थैरेपी बेहद लाभकारी होती है। इम्यूनोथैरेपी के साथ जब कीमोथैरेपी को भी जोड़ा जाता है तो परिणाम बेहद अच्छे आते हैं। हालांकि यह बेहद महंगा इलाज है।

जीन मैपिंग से उपचार : कैंसर का पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेन्ट- यानी निजी पड़ताल पर आधारित यह उपचार पद्धति जींस के आधार पर तय की जाती है। इसे यूं समझा जा सकता है कि आपके जीन्स मैपिंग यानी नाप-जोख से जो नतीजे सामने आते हैं उसके आधार पर ही आपको कैंसर का सर्वथा निजी तौर पर (पर्सनलाइज्ड) उपचार होता है। इस पद्धति से कैंसर के मरीज का सबसे यथोचित उपचार सम्भव हो पाता है। चिकित्सा विज्ञानियों ने इसके लिये जींस की मैपिंग की प्रोद्यौगिकी पर भी गहन अध्ययन और शोध किया है, क्योंकि इस उपचार पद्धति में जितनी उपयुक्त जींस मैपिंग होगी उतना ही उपयुक्त उपचार होगा। इस मामले में कैंसर की आनुवांशिक अंतरण की सम्भावना पर भी कुछ नये तथ्य सामने आ सकते हैं इस मामले में शोध जारी है।

लक्ष्य पर सटीक हमले की टारगेटेड थैरेपी : कैंसर के उपचार में आजकल उपचार की कई प्रणालियों के एक साथ उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी प्रकार की विभिन्न उपचार प्रणालियों के सामंजस्य से बनी है 'टारगेटेड थैरेपी'। इसमें टारगेटेड (लक्ष्याधारित) उपचार और कीमोथैरेपी एक साथ होती है। इसमें कीमो का मॉल्यूक्यूल, ट्यूमर सेल के पास जाकर उस पर आक्रमण करता है। सामान्य कीमोथैरेपी के समान ही यह सभी सेल्स को नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह थैरेपी सबसे ज्यादा ब्रेस्ट कैंसर के उपचार में प्रयुक्त होती है। इस प्रकार की थैरेपी के किसी भी सम्भावित साइड इफेक्ट पर भी गहन अनुसंधान चल रहा है, जिससे किसी भी प्रकार का जोखिम न रहे। कैंसर में कीमोथैरेपी सबसे अहम् उपचार पद्धति है, मगर ऐसे उपचार से कैंसर ग्रस्त कोशिकाओं के अलावा सामान्य स्वस्थ्य कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है और यह उपचार पद्धति उसी से बचा सकेगी।

कैंसर के उपचार की दो जांच की भी चिकित्सा विज्ञान में बड़ी चर्चा है

इन बदलावों के अलावा भी कैंसर के उपचार में दो जांचों की बड़ी चर्चा है। यह दोनों जांच कैंसर की समय पर और सटीक पहचान में मदद करेगी। पहली जांच, टोमोसिंथेसिस है। इससे कैंसर प्रभावित अंग की त्रि-आयामीय छवि (थ्री डी इमेज) आ जाती है। इससे कैंसर के बारे में बेहतर अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरी जांच- लिक्विड बायोप्सी है। अभी तक कैंसर की जांच के लिये प्रभावित अंग की बायोप्सी



के लिये कुछ हिस्सा भेजा जाता था। अब लिक्विड बायोप्सी पद्धति में ब्लड टेस्ट से कैंसर और उसके असर का पता लगाया जा सकेगा।

कैंसर के उपचार में भारत की डॉ. पल्लवी का अवदान

मध्यप्रदेश की रिसर्च स्कॉलर, डॉ. पल्लवी तिवारी कैंसर के उपचार में शोध के कारण चर्चा में हैं। अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, डॉ. पल्लवी तिवारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स और बिग डॉटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में काम कर रही हैं। पल्लवी तिवारी अपने अनुसंधान दल के साथ लंबे समय से कैंसर की चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहीं हैं। उनकी टीम की खोज यह है कि कम्प्यूटर की मदद से मशीनें मानव शरीर को स्कैन करने के बाद कैंसर की बीमारी और उसकी आक्रामकता का पता लगा लेती हैं। कैंसर की पर्सनलाइज्ड उपचार पद्धति के क्षेत्र में उनकी टीम कम्प्यूटर इमेजिंग (एम.आर.आई.) के माध्यम से कैंसर की चिकित्सा में आने वाली मुश्किलों को कम करने में जुटी हैं। पल्लवी की टीम कम्प्यूटर की मदद से यह पड़ताल करने में काफी हद तक सफल रही है कि मरीज का कैंसर किस हद तक जटिल है। पल्लवी की टीम कैंसर की उपस्थिति और उनकी आक्रामकता के बारे में सही-सही बता देती है। फिलहाल पल्लवी विश्व के छ: बड़े विश्वविद्यालयों और मेडिकल कॉलेज में रिसर्च कर रही हैं, जिसमें क्लीवलैण्ड, टेक्सास, बोस्टन, रटगर्स ऐर हांगकांग और क्लीवलैण्ड क्लीनिक मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

कार-टी सेल तकनीक से जगी कैंसर उपचार की उम्मीद

कैंसर के उपचार की अभिनव विधियां विकसित की जा रही हैं, जिनमें से कुछ अपेक्षित रूप से प्रभावी सिद्ध हुई हैं। कैमिरिक एंटीजन रिसेप्टर-टी (कार-टी) सेल कैंसर उपचार में ऐसी ही एक पद्धति के रूप में उभरी है। विश्वभर में हो रहे इसके चिकित्सकीय परीक्षण उत्साहजनक रहे हैं। कैंसर के अंतिम चरण से जूझ रहे मरीजों के लिए यह पद्धति उपयोगी साबित हुई है। घातक लिंफोसिटिक ल्यूकेमिया से जूझ रहे मरीजों के लिए इस तकनीक ने उम्मीद की किरण जगायी है।

कैंसर के इलाज को आसान बना रहे हैं नवाचार

कैंसर की जांच और इलाज के लिए कुछ तकनीकी नवाचार भी हुए हैं। इनमें सीआरआईएसपीआर, टेलीमेडिसिन, क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, रोबोटिक रेडियो सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी, रेडियोथेरेपी जैसी तकनीक शामिल हैं। इनकी मदद से इक्कीसवीं सदी में कैंसर के उपचार और परिणामों में मदद मिल रही है। उन्हीं में से एक है CRISPR यह नोबेल पुरस्कार विजेता ऐनी डूडना और चार्पेंटियर द्वारा विकसित एक उपकरण है, जो जीन संपादन की सुविधा प्रदान करता है। इसे वायरल जीन एडिट के लिए विकसित किया गया था और इसका इस्तेमाल पहले से ही कोविड वायरस के खिलाफ टीके के विकास के लिए किया जा चुका है। इससे भविष्य में कैंसर के टीकों के विकास की उम्मीद जगी है।

कैंसर के इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग भी किया जा रहा है। इसके तहत एक कम्प्यूटर में डेटा विश्लेषण, नई दवा विकास के बारे में जानकारी एकट्ठा की जाती है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि कंप्यूटर सिमुलेशन नए और असरदार इलाज का पता लगाने और वास्तविक विश्व उपचार से पहले परिणामों का पता करने में एक मॉडल बना सकता है, क्योंकि यह कम समय अधिक से अधिक रोगियों की जांच कर सकता है। जिससे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

रोबाटिक सर्जरी एक ऐसी आधुनिक तकनीक है, जिसके तहत डॉक्टर एक कॉन्सोल से रोबोट का नियंत्रण करता है। रोबोट सर्जरी, या रोबोट-असिस्टेड सर्जरी, डॉक्टरों को पारंपरिक तकनीकों से अधिक सटीक, नम्यता और नियंत्रण के साथ कई प्रकार की मुश्किल प्रक्रियाओं को करने में मदद करता है। रोबोटिक सर्जरी फेफड़े, प्रोस्टेट, गर्भाशय और पेट के कैंसर के लिए कारगर है, जिसके परिणामस्वरूप कम रक्त हानि के साथ अस्पताल में रहने का समय भी कम हो जाता है, खास बात ये है कि रिकवरी में भी जल्दी मदद मिलती है।

कैंसर के लक्षण

- घाव का जल्दी न भरना।
- शरीर के किसी हिस्से से असामान्य रक्तस्राव या स्राव होना।
- वजन में अचानक तेजी से कमी आना या भूख नहीं लगना।
- भोजन निगलने में परेशानी या अपच।
- तिल या मस्से में कोई परिवर्तन।

बचाव के तरीके

- जीवनशैली में अनुकूल परिवर्तन।
- वजन को नियंत्रण में रखना।
- सक्रिय बने रहना।
- नियमित स्वास्थ्य जाँच एवं समय-समय पर कैंसर की जाँच कराना।
- चेतावनी के संकेत एवं लक्षणों के बारे में जानना।
- सुरक्षित यौन व्यवहार को अपनाना।
- पर्यावरणीय कार्सिनोजेन तत्त्वों के जोखिम से बचाव।
- धूम्रपान और शराब का सेवन न करना।
- मसालेदार, तली हुई, संरक्षित और जंक फूड से परहेज करना।

प्रदेश के जिला अस्पतालों में उपलब्ध है कैंसर का उपचार

मध्यप्रदेश सरकार स्वस्थ मध्यप्रदेश की दिशा में प्रदेश के सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। वर्तमान में 52 जिला चिकित्सालय, 119 सिविल अस्पताल, 356 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 1266 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 10 हजार 287 उप स्वास्थ्य केन्द्र से प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ केन्द्र एवं प्रदेश शासन की स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। कैंसर कीमोथेरेपी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया गया है। वर्तमान में 51 जिला चिकित्सालयों में प्रति चिकित्सालय 4 बेड कैंसर कीमोथेरेपी के लिए आरक्षित हैं और प्रति सिविल अस्पताल 02 बेड आरक्षित किए जा रहे हैं। कैंसर कीमोथेरेपी करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। कैंसर उपचार की आवश्यक कुल 43 प्रकार की औषधियों का प्रावधान किया गया है।

राजा दुबे

(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

अंतिम तिथि - 20.02.2023

कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल

विज्ञप्ति

विषय - मध्यप्रदेश रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार वर्ष 2017-18, वर्ष 2018-19, वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21।

राज्य शासन प्रदेश के पिछड़ा वर्ग की सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मध्यप्रदेश के मूल निवासियों, जो स्वयं पिछड़ा वर्ग के हैं ऐसे समाजसेवियों को मध्यप्रदेश रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार प्रदान करेगा। पुरस्कार का विवरण निम्नानुसार है :-

मध्यप्रदेश रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार - यह पुरस्कार प्रदेश के 16 समाजसेवियों (8 पुरुष एवं 8 महिला) को दिया जावेगा। जिनके द्वारा पिछड़े वर्गों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास को दूर करने, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, साहित्य आदि क्षेत्रों में समाजसेवा के उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य किए हों। इस पुरस्कार से पुरस्कृत प्रत्येक समाजसेवी को रुपये एक लाख नगद एवं प्रतीक चिंह से युक्त प्रशंसा पट्टिका प्रदान की जावेगी।

समाजसेवी के संबंध में इस विभाग द्वारा पूर्व में पुरस्कृत समाजसेवी को छोड़कर अन्य कोई पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी इस पुरस्कार के लिए प्रविष्टि भेजने के पात्र होंगे।

पुरस्कार के लिए समाजसेवी स्वयं अथवा उनकी ओर से उनके सेवाकार से सुपरिचित व्यक्ति या संगठन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए आवेदन कर सकेंगे :-

क. सामाजिक कार्यकर्ता का पूर्ण परिचय। (नाम, उपनाम, आयु, पता, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा वोटर आई.डी. प्रूफ की छायाप्रति संलग्न करें)

ख. निर्दिष्ट पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं तत्संबंधी अभिलेख एवं प्रमाण पत्र।

ग. यदि कोई राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर का अन्य पुरस्कार मिला हो तो उसका विवरण।

घ. उत्कृष्ट सेवा कार्य के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो, तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रत्येक प्रतिवेदन की एक-एक प्रतिलिपि।

ङ. समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की फोटोप्रतियां/सत्य प्रतिलिपियां।

च. चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने के बारे में संबंधित समाज सेवक की स्वयं की लिखित सहमति।

छ. आवेदन पत्र पर पासपोर्ट फोटो पीछे नाम लिखा हो तथा बैंक पास बुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

प्रविष्टि में दिए गए तथ्यों, निष्कर्षों एवं प्रमाणों का संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि प्रस्तुतकर्ता व्यक्ति का रहेगा। इस संबंध में राज्य शासन को किसी भी विवाद में पक्षकार नहीं माना जावेगा, परंतु राज्य शासन को अधिकार होगा कि जहां वह आवश्यक समझे अपने सूत्रों से आवेदक द्वारा दिए तथ्यों/निष्कर्षों प्रमाणों के संबंध में पुष्टि कर सकेगा। एक बार प्रस्तुत प्रविष्टि केवल एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

मध्यप्रदेश रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के लिए राज्य के समाज सेवी अपनी प्रविष्टियां दिनांक 20.02.2023 तक आयुक्त, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन भोपाल को प्रस्तुत करेंगे। प्रविष्टि के लिफाफे पर ''मध्यप्रदेश रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार वर्ष 2017-18/वर्ष 2018-2019/वर्ष 2019-2020 एवं वर्ष 2020-21 अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर जूरी द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर लॉगऑन करें।

नोट :- इन पुरस्कारों हेतु जिन्होंने पूर्व में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं वह पुनः आवेदन न करें।

स्थान - भोपाल
दिनांक -

उप संचालक
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण
द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)
फोन नं. 0755-2551517

जी-22231/48142/2023

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई, तहसील कैम्पस सागर (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 03/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/..... **सागर, दिनांक : 20.01.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. मालथौन जिला सागर में 02 कोर्ट भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां तकनीकी विड भौतिक रूप से सत्यापित की जावेगी
2023_PWPIU_246467_1	सागर	877.32	877322	20000/-	18 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. जिला सागर अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों हेतु बण्डा में 01 डी टाइप, 02 एफ टाइप, 02 ई टाइप एवं शाहगढ में 01 ई टाइप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2023_PWPIU_246468_1	सागर	418.05	418047	15000/-	14 माह	अतिरिक्त परियोजा संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. जिला सागर अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों हेतु खुरई में 04 डी टाइप एवं रहली में 01 डी टाइप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2023_PWPIU_246469_1	सागर	405.48	405482	15000/-	14 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 23.01.2023 समय 10.30 से **दिनांक 06.02.2023 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सागर

जी- 22343/48145/2023

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

No./IPRO/DFA/PAT/2022-23/1287 **Date : 27-01-2023**

ऑनलाईन ऑफ कैम्पस संयुक्त काउंसलिंग कार्यक्रम – 2022-23

B.Sc. (Hons) Agriculture, B.Sc. (Hons) Horticulture, B.Sc. (Hons) Forestry and B.Tech. (Agricultural Engineering)

प्रोफेशनल एप्टामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.ए.टी. 2022–23 के घोषित परिणामों के आधार पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दूसरे चक्र के पश्चात विभिन्न कृषि, उद्यानिकी, वानिकी और कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में रिक्त रह गई सीटों तथा नवीन स्थापित कृषि महाविद्यालय, पन्ना की सीटों को भरने के लिए तीसरे प्रवेश चक्र के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने के इच्छुक समस्त उम्मीदवार जिनका अर्हताकारी परीक्षा में मेरिट के आधार पर वेरीफिकेशन हो चुका है ऑनलाईन ऑफ कैम्पस काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट **www.jnkvv.org, www.rvskvv.net या **www.crisponlineservices.com** के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं।**

तालिका क्र. 1.1

क्र.	श्रेणी	पी.ए.टी.–2022 में प्राप्त प्राप्तांक
1.	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/सैनिक अभ्यर्थी समस्त श्रेणी UR/SC/ST/OBC/EWS (FF/S/PWD)	समस्त पात्र अभ्यर्थी जिनका वेरीफिकेशन हो चुका है।
2.	अनु. जाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी SC (F)	
3.	अनु. जाति SC (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त SC (K) कृषक अभ्यर्थी	
4.	अनु. जनजाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी ST (F)	
5.	अनु. जनजाति ST (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त ST (K) कृषक अभ्यर्थी	
6.	अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी OBC (F)	
7.	अन्य पिछड़ा वर्ग OBC (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त OBC (K) कृषक अभ्यर्थी	
8.	अनाराक्षित श्रेणी/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की समस्त महिला अभ्यर्थी UR/EWS (F)	
9.	अनाराक्षित वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग UR/EWS (X/K) के समस्त अभ्यर्थी	

तालिका क्र. 1.2

पाठ्यक्रम	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं इंफित महाविद्यालयों के ग्रायमिकता क्रम का ऑनलाईन चयन एवं शुल्क का भुगतान कर लॉक करना	आवेदन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता	काउंसिलिंग शुल्क (आंशिक शुल्क) का भुगतान	आवंटित महाविद्यालय में शेष शुल्क के साथ उपस्थिति एवं प्रवेश
B.Sc. (Hons.) Agriculture B.Sc. (Hons.) Horticulture B.Sc. (Hons) Forestry B.Tech (Agricultural Engineering)	07.02.2023 से 09.02.2023 (रात 12 बजे तक)	13.02.2023 से 16.02.2023 (रात 12 बजे तक)	13.02.2023 से 16.02.2023 (रात 12 बजे तक)	14.02.2023 से 17.02.2023 तक (11 बजे से शाम 5 बजे तक)

- प्रवेश नियम, काउंसलिंग प्रक्रिया एवं शुल्क की विस्तृत जानकारी **www.jnkvv.org, www.rvskvv.net** या **www.crisponlineservices.com** पर उपलब्ध है जिसका उम्मीदवार सूक्ष्मता से अध्ययन कर लेवें।
- प्रवेश हेतु प्रोफेशनल एप्टामिनेशन बोर्ड, मध्यप्रदेश, भोपाल **पी.ए.टी. 2022–23** पुस्तिका में दिये गये प्रवेश नियमों का पालन किया जावेगा।
- पेमेन्ट सीट पर उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता होगी, जिन्होंने प्रोफेशनल एप्टामिनेशन बोर्ड, मध्यप्रदेश, भोपाल **पी.ए.टी. 2022–23** में आवेदन करते समय पेमेन्ट सीट के ऑप्शन पर टिक किया होगा या Yes लिखा होगा एवं अभ्यर्थियों का नाम व्यापम पेमेंट सूची में अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है।
- प्रोफेशनल एप्टामिनेशन बोर्ड, मध्यप्रदेश, भोपाल पुस्तिका 2022 में वर्णित गये प्रारूप अनुसार ही वांछित प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों को सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के **पत्र क्रमांक–एफ–07–11/2019/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 02 जुलाई, 2019** का संलग्नक प्रारूप के आधार पर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- आवश्यक प्रमाण पत्रों की रंगीन छायाप्रति महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करना आवश्यक है।
- अपग्रेडेशन का विकल्प अंतिम चक्र में उपलब्ध नहीं होगा। प्रवेश के इच्छुक समस्त उम्मीदवार कार्यक्रमानुसार ऑनलाईन ऑफ केम्पस काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट **www.jnkvv.nic.in, www.rvskvv.net** या **www.crisponlineservices.com** के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं।
- **Note :** Candidate have to pay Rs. 100+GST as a Branch Preference modification fee. If Fee is submitted by the candidate then only his/her modified Branch Preference will be consider in III phase allotment.

R-48151/2023 **कुलसचिव** ADVT.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 19/ब.ले.नि./2022-23 **भोपाल, दिनांक : 20.01.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि
1.	2023_PWDRB_246365_1	निर्माण भवन के चतुर्थ तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल एवं ऑफिस ब्लॉक (कार्यालय भवन) के निर्माण का कार्य मय फर्नीचर एवं विद्युत कार्य सहित।	प्रथम आमंत्रण	477.26	477260/-
		योग :–		**477.26**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 08.02.2023 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)

जी-22323/48144/2023

संचालनालय गैस राहत एवं पुनर्वास, 1 शिवाजी नगर, भोपाल

दूरभाष - 0755 2441026 - 0755 2731261

क्रमांक : एफ 17/सं.नि./2023/259 **भोपाल, दिनांक : 31.01.2023**

चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित गैस राहत चिकित्सा इकाइयों में चिकित्सा अधिकारियों (एम.बी.बी.एस.) के रिक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 31.01.2023 दिन मंगलवार तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे।

उपरोक्त आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु दिनांक 31.01.2023 दिन मंगलवार के स्थान पर आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु उक्त तिथि में **दिनांक 21.02.2023** दिन मंगलवार तक की वृद्धि की जाती है। आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु पदों की स्थिति व शेष शर्तें पूर्वानुसार यथावत रहेंगी।

संचालक
गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल

जी-22412/48147/2023

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इन्दौर (म.प्र.)

ई-मेल - apdpiuindore@gmail.com

क्र. एफ-3/2023/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-34/380 इन्दौर, दिनांक : 25.01.2023

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 34/2023

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र. द्वारा दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील एसओआर एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. नवीन शासकीय 06 ट्रेड आईटीआई/60 सीटेड बालक छात्रावास, 60 सीटेड बालिका छात्रावास एवं 01 एफ टाइप, 02 एच टाइप, 04 आई टाइप आवासीय भवन कट्ठीवाड़ा जिला अलीराजपुर का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2023_PWPIU_246476_1	अलीराजपुर	1262.81	12,62,810	30,000	24

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. नवीन शासकीय 06 ट्रेड आईटीआई/60 सीटेड बालक छात्रावास, 60 सीटेड बालिका छात्रावास एवं 01 एफ टाइप, 02 एच टाइप, 04 आई टाइप आवासीय भवन उदयगढ़ जिला अलीराजपुर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246478_1	अलीराजपुर	1262.81	12,62,810	30,000	24

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन उदयगढ़ जिला अलीराजपुर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246479_1	अलीराजपुर	105.07	1,05,070	12,500	8

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. लोक निर्माण विभाग पीआईयू जिला अलीराजपुर के अंतर्गत विभिन्न भवनों के मेंटेनेंस कार्य।

2023_PWPIU_246482_1	अलीराजपुर	90.00	90,000	10,000	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन पाटी जिला बड़वानी का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246596_1	बड़वानी	553.83	5,53,830	20,000	14

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन पलसुद जिला बड़वानी का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246593_1	बड़वानी	87.59	87,590	10,000	10

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन खेतिया जिला बड़वानी का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246579_1	बड़वानी	87.59	87,590	10,000	10

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन पानसेमल जिला बड़वानी के निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246577_1	बड़वानी	92.70	92,700	10,000	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन धुलकोट जिला बुरहानपुर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246177_1	बुरहानपुर	522.20	5,22,202	20,000	18

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. कुटुम्ब न्यायालय भवन जिला बुरहानपुर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246109_1	बुरहानपुर	194.13	1,94,135	12,500	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन राजपुर जिला बुरहानपुर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246018_1	बुरहानपुर	89.44	89,445	10,000	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. जिला बुरहानपुर में चाईल्ड फ्रेंडली कोर्ट (पॉस्को) भवन के निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246111_1	बुरहानपुर	121.04	1,21,050	12,500	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 13. धार जिला धार में चाईल्ड फ्रेंडली कोर्ट भवन के निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245741_1	धार	119.67	1,19,670	12,500	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 14. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन उमरबन जिला धार का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246474_1	धार	87.64	87,640	10,000	8

क्र. एवं कार्य का नाम :– 15. कुक्षी जिला धार में 02 कोर्ट रूम, 01 चाईल्ड कोर्ट रूम एवं सेन्ट्रलाइज फाइलिंग काउंटर का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245713_1	धार	659.82	6,59,820	20,000	15

क्र. एवं कार्य का नाम :– 16. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन नालछा जिला धार का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246473_1	धार	87.64	87,640	10,000	8

क्र. एवं कार्य का नाम :– 17. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय कानवन जिला धार और सरदारपुर, बदनावर जिला धार और राजपुर जिला बड़वानी में एसडीएम कार्यालय भवन के लिए गोदरेज आंतरिक फर्नीचर की आपूर्ति और फिक्सिंग का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246472_1	धार	47.00	50,000	10,000	2

क्र. एवं कार्य का नाम :– 18. मनावर जिला धार में चाईल्ड फ्रेंडली कोर्ट भवन के निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246480_1	धार	120.34	1,20,340	12,500	12

स्वामीनारायण संस्था ने नर सेवा ही नारायण सेवा के विचार को किया चरितार्थ - मुख्यमंत्री

भोपाल, दीन-दुखियों, कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सेवा को समर्पित स्वामीनारायण संस्था, नर सेवा ही नारायण सेवा के विचार को चरितार्थ कर रही है। उज्जैन में शिव ज्ञान मोती लाल नेत्र चिकित्सालय के निर्माण में इस संस्था से जुड़े देश-विदेश के भक्तों का विशेष सहयोग मिला है। मैं उनका आभारी हूं। यहां अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों से अनुभवी चिकित्सकों की टीम नेत्र रोगियों का इलाज करेगी, जिससे मालवा और निमाड़ के लोगों को विशेष रूप से विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में शिव ज्ञान मोतीलाल नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय परिसर स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं। श्री स्वामीनारायण आश्रम वड़ताल द्वारा निर्मित नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा भोपाल से तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली से वर्चुअली किया गया।

उज्जैन में निर्मित चिकित्सालय परिसर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, उज्जैन महापौर श्री मुकेश टंटवाल, पूर्व मंत्री श्री पारस जैन, वड़ताल धाम पीठाधिपति आचार्य श्री राकेश प्रसाद जी महाराज सहित संस्था के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2016 में स्वामीनारायण संस्था ने उज्जैन में भव्य मंदिर निर्माण का निर्णय लिया था। संस्था को यहां चिकित्सालय की आवश्यकता का पता चलने पर निर्णय बदला गया और 15 करोड़ रुपये की लागत से इस चिकित्सालय का निर्माण किया गया। चिकित्सालय के निर्माण के लिए श्री कमलेश भट्ट और डॉ. अल्पना भट्ट ने अपनी बहुमूल्य भूमि संस्था को दान स्वरूप अर्पित कर दी। आज के युग के इन भामाशाहों की दानशीलता वंदनीय है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने उज्जैनी के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि संस्था द्वारा स्थापित चिकित्सालय से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। स्वस्थ समाज के निर्माण में स्वामीनारायण संस्था का योगदान महत्वपूर्ण है। संस्था शिक्षा और व्यसन मुक्ति के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। केंद्र सरकार, आम आदमी को सरलता से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर कार्यरत है। मुख्यमंत्री द्वारा एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में कराना सराहनीय है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 19. अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कुक्षी जिला धार का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245757_1	धार	92.56	92,560	10,000	6

क्र. एवं कार्य का नाम :– 20. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन थांदला जिला झाबुआ का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246430_1	झाबुआ	535.26	5,35,260	20,000	18

क्र. एवं कार्य का नाम :– 21. झाबुआ जिला झाबुआ में फैमेली कोर्ट भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246110_1	झाबुआ	180.73	1,80,730	12,500	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 22. लोक निर्माण विभाग पीआईयू खण्डवा के अंतर्गत विभिन्न भवनों पर सुपरविजन क्वालिटी कंट्रोल सर्विसेस कार्य।

2023_PWPIU_245848_1	खण्डवा	163.28	1,63,280	12,500	24

क्र. एवं कार्य का नाम :– 23. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन किल्लोद जिला खण्डवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245844_1	खण्डवा	540.47	5,40,470	20,000	15

क्र. एवं कार्य का नाम :– 24. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन मुंदी जिला खण्डवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245842_1	खण्डवा	540.47	5,40,470	20,000	15

क्र. एवं कार्य का नाम :– 25. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन पंधाना जिला खण्डवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245838_1	खण्डवा	749.08	7,49,080	20,000	18

क्र. एवं कार्य का नाम :– 26. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन जावर जिला खण्डवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245845_1	खण्डवा	88.30	88,300	10,000	8

क्र. एवं कार्य का नाम :– 27. उप तहसील (टप्पा) कार्यालय भवन छैगांव माखन जिला खण्डवा का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245847_1	खण्डवा	88.30	88,300	10,000	8

क्र. एवं कार्य का नाम :– 28. बड़वाह जिला खरगोन में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_246426_1	खरगोन	93.65	93,650	10,000	12

क्र. एवं कार्य का नाम :– 29. तहसील न्यायालय भवन परिसर कसरावद जिला खरगोन में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245798_1	खरगोन	48.51	50,000	5,000	6

क्र. एवं कार्य का नाम :– 30. शासकीय संयुक्त तहसील कार्यालय भवन मंदसौर, नीमच एवं उप तहसील कार्यालय भवन कयामपुर में फर्नीचर प्रदान एवं लगाने का कार्य।

2023_PWPIU_246213_1	मंदसौर	148.29	1,48,290	12,500	6

क्र. एवं कार्य का नाम :– 31. तराना जिला उज्जैन में मेडिएशन सेंटर भवन का निर्माण कार्य।

2023_PWPIU_245720_1	उज्जैन	39.56	50,000	5,000	6

निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) –

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 21.01.2023
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 23.01.2023
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **07.02.2023**
4. बिड खोलने की तिथि - 09.02.2023

अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

जी- 22355/48146/2023

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :– cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक :– 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 07/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2023) **भोपाल, दिनांक : 19.01.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. विदिशा शमशाबाद कि.मी. 19 से काशीपुर बाबड़ी मार्ग लम्बाई 2.826 कि.मी. दयानंदपुर बोरिया से बामनखेड़ी मार्ग लं. 3.90 कि.मी. एवं देवखजुरी शेरपुर कस्बाखेड़ी से पीपलधार मार्ग लं. 3.80 कि.मी. कुल लंबाई 10.526 कि.मी. का मजबूतीकरण।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2023_PWDRB_245089_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	557.94	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. कुरवाई से बारूल व्हाया कैथोरा लंबाई 4.95 कि.मी. एवं इमालवाड़ा, चिरावटा, सीरसावली, अट्टासीमर सनई मार्ग लं. 4.00 कि.मी. कुल लं. 8.95 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245799_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	581.02	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. भौरांस मल्हारगढ़ मार्ग से बरखेड़ लं. 3.47 कि.मी. एवं सनी से दानखेड़ी ब्रिज व्हाया बेलाखेड़ी चौराहा मार्ग 6.60 कि.मी. कुल लं. 10.07 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245800_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	641.59	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. भौरा धापाड़ा सातलावेही चौपना सिवनपटी सारणी जोड़ मार्ग लं. 2.50 कि.मी. का मजबूतीकरण सातनेर देहुगड मान्डवी मार्ग लं. 1.65 कि.मी. सोनाघाटी जोगली मंडई बुजराग मार्ग लं. 1.00 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245804_1	बैतूल	प्लान	प्रथम	552.06	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. हमलापुर मल्कापुर बरसाली मार्ग लं. 6.00 कि.मी. कोलगांव सीलगांव मार्ग लं. 4.70 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245807_1	बैतूल	प्लान	प्रथम	832.11	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. येनखेड़ा से जवारा मार्ग लं. 4.00 कि.मी. गवल पाउनी मार्ग लं. 1.60 कि.मी. बीरूल बाजार सवल मेंधा से पाना मार्ग लं. 3.50 कि.मी. पुसली लिंक मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. मार्ग का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245809_1	बैतूल	प्लान	प्रथम	628.58	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. सन्यासा पहुंच मार्ग लं. 4.53 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245811_1	हरदा	प्लान	प्रथम	528.63	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. सिगोन खाला मालपोन हण्डिया मार्ग लं. 9.00 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245814_1	हरदा	प्लान	प्रथम	521.30	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. पोखरनी से हरदा व्हाया अहलवाड़ा मार्ग लं. 15.62 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245818_1	हरदा	प्लान	प्रथम	1136.84	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. मुहलकाला पीपलिया पहतकला मार्ग लं. 6.10 कि.मी. एवं पलासनेर से नीमगांव मार्ग लं. 2.00 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245822_1	हरदा	प्लान	प्रथम	630.85	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. आमासेल डोलगांवकलां पहतकला मार्ग लं. 7.20 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_245824_1	हरदा	प्लान	प्रथम	507.68	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. भोपाल चिकलोद मार्ग कि.मी. 23.00 से 51/4 तक (बंगरसिया से 34 मील व्हाया चिकलोद मार्ग लं. 28.40 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_246075_1	रायसेन	प्लान	प्रथम	1236.03	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 13. झिरनिया कारिया अण्डिया सौथर मार्ग लं. 2.61 कि.मी. ककारखेड़ी से बरखेड़ा, कारिया से बनियाखेड़ी टीलाखेड़ी से अहमदपुर एवं अहमदपुर स्कूल मार्ग लं. 1.89 कि.मी. एवं विदिशा टीलखेड़ी गुराखिया पठारी हवेली धनोरा देवराजपुर खरवई जिले की सीमा तक मार्ग लं. 7.43 कि.मी. कुल लं. 11.93 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।

2023_PWDRB_246076_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	743.37	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 14. धार्मोद से दासीपुर, मदनई, पचेडिया बसिया मार्ग लं. 7.09 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_246078_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	535.42	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 15. सुमर, हथियाखेड़ी, अटारीखेजड़ा मार्ग लं. 4.10 कि.मी. पन्ढ़ा पहुंच मार्ग लं. 3.80 कि.मी. डावर पहुंच मार्ग लं. 2.15 कि.मी. कुल लं. 10.05 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_246080_1	विदिशा	प्लान	प्रथम	637.85	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 16. सिवनी मालवा बायपासमार्ग लं. 6.80 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_246082_1	नर्मदापुरम	प्लान	प्रथम	834.36	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 17. गुजरवाड़ा किरपुरा राजोन मार्ग लं. 2.50 कि.मी. का मजबूतीकरण।

2023_PWDRB_246083_1	नर्मदापुरम	प्लान	प्रथम	545.03	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाना है।
			योग -	11650.66	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.02.2023 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (राज. परि.)

जी-22307/48143/2023 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाइन, जबलपुर

एनआईटी नं. - 11/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2022 **दिनांक : 25.01.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. डिण्डौरी जिले के अंतर्गत पुलों के मरम्मत कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2023_PWDRB_247356_1	डिण्डौरी	पुलों के मरम्मत कार्य	द्वितीय	Rs. 17.82 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. डिण्डौरी जिले के अंतर्गत पुलों के सुधार और मरम्मत कार्य का प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

2023_PWDRB_247422_1	डिण्डौरी	पुलों के मरम्मत कार्य	द्वितीय	Rs. 17.81 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. मण्डला जिले के अंतर्गत पुलों के मरम्मत कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

2023_PWDRB_247430_1	मण्डला	पुलों के मरम्मत कार्य	द्वितीय	Rs. 17.77 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. मण्डला जिले के अंतर्गत पुलों के सुधार और मरम्मत कार्य का प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

2023_PWDRB_247439_1	मण्डला	पुलों के मरम्मत कार्य	द्वितीय	Rs. 17.80 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. डिण्डौरी जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के सर्वे एवं बोरिंग कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

2023_PWDRB_247445_1	डिण्डौरी	बोरिंग कार्य	द्वितीय	Rs. 16.94 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. मण्डला जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के सर्वे एवं बोरिंग कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग मण्डला।

2023_PWDRB_247449_1	मण्डला	बोरिंग कार्य	द्वितीय	Rs. 16.90 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत पुलों के मरम्मत कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग नरसिंहपुर।

2023_PWDRB_247548_1	नरसिंहपुर	पुलों के मरम्मत कार्य	प्रथम	Rs. 16.90 lacks	-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों एवं आर.ओ.बी. के सर्वे एवं बोरिंग कार्य का विस्तृत प्राक्कलन उपसंभाग नरसिंहपुर।

2023_PWDRB_247550_1	नरसिंहपुर	बोरिंग कार्य	प्रथम	Rs. 16.90 lacks	-

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.02.2023 शाम 18.00 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री

जी-22444/48148/2023 **लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग, जबलपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग टीकमगढ़ (म.प्र.)

PHONE No. : 07683-242321, Email : eepwdtikam@mp.nic.in

एनआईटी नं.-13/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **दिनांक: 27.01.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2023_PWDRB_247806_1	टीकमगढ़ टाउन मार्ग पर विशेष मजबूतीकरण कार्य रिलाइंस पेट्रोल पम्प से पुरानी टेहरी तक लंबाई 2.00 कि.मी.	टीकमगढ़	430.01	430010/-	15000/-	03 माह वर्षाकाल सहित
2.	2023_PWDRB_247807_1	बीजोर पहुंच मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य (सी. सी. कार्य) कि.मी. 1 से 3 कुल लंबाई 3.00 कि.मी.	निवाड़ी	376.83	376830/-	15000/-	03 माह वर्षाकाल सहित
		योग -		806.84	806840/-	30000/-	

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 31.01.2023 समय 10.30** से **दिनांक 14.02.2023 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-22483/48159/2023 **लोक निर्माण विभाग, संभाग टीकमगढ़**

आदि शंकराचार्य की प्रतिमा अगस्त 2023 तक स्थापित की जाए - मुख्यमंत्री

भोपाल, ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापना का कार्य अगस्त 2023 तक पूर्ण कर लिया जाए। अद्वैतधाम के निर्माण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी विभाग तथा एजेंसियों से परस्पर समन्वय बनाए रखने और अनुमतियां प्राप्त करने में विलम्ब को टालने के लिए साप्ताहिक आधार पर समीक्षा बैठकें की जाएं। अद्वैतधाम के निर्माण के साथ ही ओंकारेश्वर का सिटी मास्टर प्लान, नगर की स्वच्छता, इंदौर से ओंकारेश्वर की फोर लेन कनेक्टिविटी, नर्मदा नदी की साफ-सफाई, तटों का सौन्दर्यीकरण और यात्री निवास की कार्ययोजना बनाकर समय-सीमा में क्रियान्वित किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में स्ट्रेच्यू ऑफ वननेस प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

बैठक में जानकारी दी गई कि देश की उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम की स्थापत्य कलाओं को समाहित कर विकसित किए गए डिजाइन पर आधुनिकतम निर्माण तकनीक से अद्वैतधाम का निर्माण किया जा रहा है। आदि शंकराचार्य की 108 फिट ऊंची प्रतिमा और पेडस्टल की स्थापना की दिशा में हुई प्रगति, आचार्य शंकर संग्रहालय परिसर, आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान, अद्वैत वन आदि के निर्माण की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में युवाशक्ति का उपयोग करने वाला बजट - वित्त मंत्री

भोपाल, वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने केंद्रीय बजट 2023-24 को देश के विकास का अप्रतिम रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट आम नागरिकों के मन का बजट है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट वैभवशाली भारत निर्माण में युवाशक्ति का उपयोग करने वाला बजट है। उन्होंने अत्यंत रचनात्मक और ऐतिहासिक बजट के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई दी।

श्री देवड़ा ने केंद्रीय बजट में किये गये प्रावधानों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अब कृषि क्षेत्र का स्वर्णिम काल आने वाला है। भारत को मिलेट का वैश्विक केंद्र बनाने का कदम अत्यंत रचनात्मक पहल है। इससे गरीब किसानों की आर्थिक समृद्धि का मार्ग तय होगा। कृषि गतिवर्धक कोष की स्थापना से मध्यप्रदेश जैसे राज्यों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस कदम से मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि महिलाओं की शक्ति का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा देते हुए महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसका स्वागत है। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा।

श्री देवड़ा ने कहा कि अधोसंरचना और निवेश के लिये किये गये बजट प्रावधानों से मध्यप्रदेश का आर्थिक परिदृश्य तेजी से सुधरेगा। उन्होंने कहा कि पूंजीगत निवेश व्यय को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये करने और अधोसंरचना निवेश बढ़ाने के लिये राज्य सरकारों को 50 वर्ष तक ब्याज रहित ऋण जारी रखने का कदम अनूठा और जनहितकारी है।

वित्त मंत्री ने ई-कोर्ट के तीसरे चरण की शुरुआत की प्रसंशा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में शुरू हुए ई-कोर्ट परियोजना की देश में आदर्श मॉडल के रूप में प्रशंसा हुई है।

कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस

जन-कल्याण के लिए करें क्षमताओं का भरपूर उपयोग - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुये।

भोपाल, गरीब वर्ग को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला स्तरीय बैंकर्स समिति, जिला स्वास्थ्य समिति और अन्य समितियों की नियमित बैठकें हों। कलेक्टर्स और कमिश्नर्स अनाथ बच्चों, मूक बधिर और कोविड काल में बेसहारा हुए बच्चों को सहायता दें। कलेक्टर्स-कमिश्नर्स जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ निर्भय होकर जनहित में कार्य करें। प्रत्येक जिले में अंकुर अभियान का संचालन हो। जनता को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जयंती से अनुसूचित जाति जनजाति के उन बच्चों को भी प्रमाण-पत्र देने का कार्य प्रारंभ होगा, जो इससे वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जिलों में उद्योग क्षेत्र में निवेशकों को प्रोत्साहित करें। एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम से लोगों को जोड़कर लाभान्वित करें। श्री चौहान ने कहा कि युवाओं को कौशल विकास का लाभ दिलवाएं। सामान्य उच्च शिक्षा के स्थान पर ऐसी शिक्षा दिलवाएं जो उन्हें किसी हुनर में दक्ष बनाए। लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को रचनात्मक कार्यों से जोड़ें। जिलों में छात्रावासों में व्यवस्थाएं बेहतर बनाने का अभियान चलाएं। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग दिलवाने आगे आएं। एक भी पात्र सुविधा से वंचित न हो।

श्री चौहान ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में अच्छे कार्यों के लिए कलेक्टर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संबल-2 योजना के प्रारूप को जल्द अंतिम रूप दिया जायेगा। योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता जिसमें आकस्मिक मृत्यु और सामान्य मृत्यु शामिल है, प्रसूति सहायता, बेटियों के विवाह के लिए सहायता और बेटे-बेटियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए शिक्षण शुल्क देने का कार्य एक पैकेज के रूप में प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में हवाई यात्रा भी प्रारंभ होगी। प्रदेश के सभी जिलों में शीघ्र महिला सम्मेलन होंगे। गरीब बहनों को आजीविका मिशन और बैंकों के माध्यम से जीवन संवारने का कार्य प्रारंभ किया गया था, उसे गति प्रदान की जाएगी।

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश के 120 लाख घरों तक नल से जल प्रदाय करने के लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 50 प्रतिशत प्राप्ति हो चुकी है। हाल ही में की गई समीक्षा में बुरहानपुर, नीमच, इंदौर, बालाघाट और रतलाम रेंकिंग में आगे हैं।

कमिश्नर्स भी हर माह समीक्षा करें। ग्राम में योजना के उद्घाटन पर जल कलश यात्रा निकाली जाये। पेयजल मिशन से जनता जुड़े। कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण कार्यक्रम में जनता की भागीदारी हो। जन अभियान परिषद, योजना के क्रियान्वयन से भी जुड़ें। प्रारंभ हो चुकी योजनाएं ठीक से संचालित हों, इस पर नजर रखना है। जहां पानी उपलब्ध नहीं है, वहां अन्य विकल्पों पर भी कार्य किया जाए।

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 274 और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 95 विद्यालयों के संचालन के कार्य किए जा रहे हैं। सीहोर जिले के नसरुल्लागंज में शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों ने काफी रुचि ली है। इन स्कूलों से अपनापन देखा जा रहा है। अन्य जिलों में कलेक्टर्स ने विद्यालयों को चित्रकला के माध्यम से आकर्षक बनाया है।

बुधनी में 400 करोड़ रुपये में बनेगा मेडिकल कॉलेज - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी में नर्मदा जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुये।

सीहोर, बुधनी में 400 करोड़ रुपये का अत्याधुनिक और सर्व-सुविधायुक्त मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। बुधनी का सर्वांगीण विकास होगा। बुधनी इस समय स्वच्छता में प्रदेश में 5वें नंबर पर है। इसे पहले नंबर पर लाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी में माँ नर्मदा तट बुधनी घाट पर नर्मदा जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नर्मदा मैया का बेटा हूँ और मेरी सभी बहनें माँ नर्मदा की बेटियां हैं। हमारा रिश्ता भाई-बहन का है। आज माँ नर्मदा की जयंती पर सभी बहनों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य शासन ने 'लाड़ली बहना योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है। सभी वर्ग की गरीब बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपये, इस तरह 12 हजार रुपये हर साल मिलेंगे। साथ ही उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी पूर्ववत मिलता रहेगा। मुझे बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। बहनों की समाज में इज्जत बढ़ेगी। अगर बहनें सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा। परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज सशक्त होगा तो प्रदेश सशक्त होगा।

श्री चौहान ने कहा कि बुधनी में विकास का महायज्ञ चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां सड़कों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी माँ नर्मदा से प्रार्थना है कि मैं जन-सेवा, विकास और कल्याण के कार्य पूरी क्षमता से कर सकूं तथा सभी को माँ नर्मदा की कृपा मिले। उन्होंने कहा कि पर्यावरण-संरक्षण और माँ नर्मदा के प्रवाह को सतत बनाये रखने के लिये प्रत्येक नागरिक अधिकाधिक पौधा-रोपण करे। अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण जरूर करें। माँ, बहन, बेटियों का सम्मान किया जाये। बेटा और बेटी को बराबर मानें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां बेटियों को गलत नजर से देखने पर सख्त सजा दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बिजली की बचत करना चाहिए। उन्होंने बुधनी को नशामुक्त बनाने का प्रयास करने के लिये कहा।

जनजातीय सम्मान के लिए 28 फरवरी तक नामांकन एवं प्रविष्टियां आमंत्रित

भोपाल, जनजातीय कार्य विभाग के वन्या प्रकाशन द्वारा 'विविध जनजातीय सम्मान 2021' के लिए नामांकन एवं प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। रानी दुर्गावती सम्मान, वीर शंकरशाह-रघुनाथशाह सम्मान, ठक्कर बापा सम्मान, जननायक टंट्या भील सम्मान, बादल भोई सम्मान और जनगण श्याम सम्मान के लिए नामांकन व प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तिथि 28 फरवरी है।

प्रबंध संचालक वन्या प्रकाशन श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने बताया कि इस तरह के सम्मान का उद्देश्य जनजातीय समाज के स्वाभिमान, नेतृत्व गुणों, त्याग और बलिदान की स्मृति को बनाए रखना है। साथ ही समाज के सम्मुख आदर्श प्रस्तुत करने तथा जनजातीय जीवन के पारंपरिक कला-कौशल और सृजनात्मक अवदान के प्रचारित-प्रसारित एवं गौरवान्वित करना है। इन सम्मानों के लिए जनजातीय सृजनात्मक कला, शिल्प, साहित्य, संस्कृति एवं समाज सेवा के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, लेखकों, समीक्षकों, विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और जनजातीय केंद्रों से इस सम्मान के लिए नामांकन या अनुशंसाएं भेज सकते हैं।

रानी दुर्गावती सम्मान- यह राष्ट्रीय सम्मान समाज-सेवा, प्रशासन, उद्यमिता के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि एवं योगदान के लिए जनजातीय महिला को दिया जाएगा।

वीर शंकरशाह-रघुनाथशाह सम्मान यह सम्मान समाज-सेवा, प्रशासन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि एवं योगदान के लिए जनजातीय पुरुष को प्रदान किया जाएगा।

ठक्कर बापा सम्मान- यह सम्मान गरीब, पीड़ित और हर तरह से पिछड़ी मध्यप्रदेश राज्य अंतर्गत जनजाति समुदाय की प्रेम, समदृष्टि और ममतापूर्ण सेवा एवं सुदीर्घ साधना के लिए संस्था/व्यक्ति को दिया जाएगा।

जननायक टंट्या भील सम्मान- यह सम्मान शिक्षा और खेल गतिविधियों में स्वयं के उल्लेखनीय तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनजातीय युवक-युवतियों को प्रदान किया जाएगा।

बादल भोई सम्मान- यह सम्मान सामाजिक क्षेत्र में अदम्य साहस व वीरता के लिए जनजातीय महिला/ पुरुष/बालक/ बालिका को प्रदान किया जाएगा।

जनगण श्याम सम्मान- यह सम्मान परंपरागत एवं सृजनात्मक जनजातीय कला एवं शिल्प के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि एवं योगदान के लिए जनजातीय महिला या पुरुष को प्रदान किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

परस्पर समन्वय और समय प्रबंधन से जनता की जिंदगी बदलकर दिखाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कलेक्टर-कमिश्नर और पुलिस अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये।

भोपाल, विकास यात्रा, जनकल्याण का महायज्ञ बने, इस उद्देश्य से जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यात्रा की आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं। विकास यात्रा के समय दिव्यांग कल्याण, नामांतरण और अन्य कार्यों के साथ ही विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र देने के कार्य की भी शुरुआत की जाए। लाड़ली बहना योजना के लिए आवश्यक जमीनी तैयारी की जाए। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम परस्पर समन्वय और प्रत्येक क्षण का उपयोग करते हुए प्रदेश की जनता की जिंदगी बदल कर दिखाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित कलेक्टर्स कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन द्वितीय सत्र में कलेक्टर-कमिश्नर, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जिला पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक को संबोधित करते हुये कहीं। कॉन्फ्रेंस में राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों से प्राप्त सुझावों का अध्ययन कर आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे।

यूनिक बना दें विकास यात्राओं को

श्री चौहान ने कहा कि जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए और जनता की जिंदगी बदल कर दिखाने का दायित्व प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का है। आगामी 5 फरवरी से प्रारंभ हो रही विकास यात्राएं विशिष्ट बन जाएं। इन्हें यूनिक बनाने के लिए अधिकारी-कर्मचारी पूरे प्रयत्न करें। जनकल्याण के कार्यों के लिए विकास यात्रा महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रालय में हुई 2 दिन की यह कॉन्फ्रेंस विचार-विमर्श की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही है। जिलों में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का परस्पर समन्वय भी बहुत अच्छा होना चाहिए। मंत्रियों के साथ जिलों में एक सशक्त टीम कार्य करे। जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पृथक बैठक की जाए। विकास यात्रा के समापन के बाद यह बैठक की जा सकती है। इस बैठक में अनेक आड़ेडाया आएंगे और महत्वपूर्ण विषय चर्चा से ही निकलते हैं। यह जिले के संपूर्ण विकास की बैठक होना चाहिए, जिसमें लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना, कृषि योजनाओं, खाद्य प्र-संस्करण, निवेश संवर्धन और एक जिला-एक उत्पाद योजना को सशक्त बनाने पर चर्चा हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास यात्रा को विशिष्ट बनाने के लिए अधिकारी आवश्यक तैयारी करें। यात्रा के रूट के निर्धारण के साथ जिला प्रभारी मंत्री द्वारा बैठक जाए। लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम की रूपरेखा तय करें। जनसेवा अभियान के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर्स जनता का सहयोग लेकर महत्वपूर्ण अभियानों का संचालन करें। आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल और छात्रावासों को बहुउद्देशीय बनाया जाए। ग्राम में शांति और विवाद निराकरण समिति से पेसा क्षेत्र में आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन, इंदौर और भोपाल पुलिस द्वारा नवाचारों के प्रस्तुत प्रजेंटेशन प्रशंसनीय हैं। भोपाल पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रारंभ किया नई परेड का प्रयोग सराहनीय है। यह अन्य विभागों के शासकीय सेवकों के लिए भी उपयोगी है। पुलिसकर्मी की फिटनेस बनी रहे और वे चिंता, क्रोध और अवसाद जैसी प्रवृत्तियों से बच कर बेहतर सेवाएं दें, यह बहुत आवश्यक है।

शिक्षा, अनुसंधान केंद्र और उद्योगों में साझेदारी समय की आवश्यकता

भोपाल, देश-प्रदेश की आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित करने, सामाजिक एकता और देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अनुसंधान और शिक्षण के बीच तालमेल कर शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों और उद्योगों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाना समय की आवश्यकता है। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने पीपुल्स विश्वविद्यालय में स्टेट लेवल एनालिसिस ऑफ एक्रिडेटेड हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन प्रतिवेदन के लोकार्पण कार्यक्रम में कहीं।

श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नागरिकों एवं समाज की प्रगति और उन्नति काफी हद तक शिक्षा के विकास, विशेषकर उच्च शिक्षा पर निर्भर करती है। आवश्यकता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और चुनौतियों के अनुसार उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता, ज्ञान और नवाचार के साथ ही शिक्षा की उत्कृष्टता, प्रसार और मूल्यांकन के प्रति सजग होने की है। यह समझना जरूरी है कि उच्च शिक्षा प्रणाली के विस्तार के लिए हमें शिक्षण पद्धति में अनिवार्यता सुधार करना होगा, तभी संस्थान की प्रासंगिकता और अस्तित्व बना रह सकेगा। इसलिए जरूरी है कि उच्च शिक्षा को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह समाज को जिम्मेदार और सभ्य नागरिक प्रदान करे, जो राज्य और लोगों की सेवा एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो।

राज्यपाल ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों से आग्रह किया है कि दर्पण के समान आत्मनिरीक्षण और आत्मचिंतन के लिए नैक की रिपोर्ट का उपयोग करें। रिपोर्ट में रेखांकित विषयों पर विशेष ध्यान दें। संस्थान की व्यवस्था में सुधार करें। उच्च शिक्षा के वातावरण में मौजूद स्थायी प्रथाओं की पहचान कर, शिक्षा के सभी हितधारकों को सर्वोत्तम शैक्षिक अनुभव प्रदान करना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिदृश्य की कल्पना करते हुए, नैक गुणवत्ता विश्वोक्षण रिपोर्ट में सुझाए गए संशोधन, पुनः डिजाइन और पुनर्गठन के द्वारा शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने की व्यवस्था करें। शिक्षण और सीखने की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए संस्थानों का बुनियादी ढांचा भी मजबूत बनाना आवश्यक है।

दो माह में 2 लाख से अधिक पर्यटकों से गुलजार रहा हनुवंतिया

खंडवा, हनुवंतिया में 28 नवंबर 2022 से आयोजित जल महोत्सव का समापन हो गया है। पर्यटन विभाग द्वारा चलाए गए महोत्सव में दो माह में रिकॉर्ड 2 लाख पर्यटक पहुंचे। टेंट सिटी में भी 5 हजार से अधिक परिवारों ने ठहरकर क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं रोमांचक गतिविधियों का आनंद लिया। महोत्सव का शुभारंभ पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर द्वारा 28 नवम्बर को किया गया था।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटकों को भ्रमण के साथ पर्यटन का 360 डिग्री अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू जल महोत्सव अब वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। केरल के प्रसिद्ध कैराली ग्रुप द्वारा स्थापित वेलनेस सेंटर को भी सकारात्मक प्रतिसाद मिला। स्कूबा डाइविंग, बोरियामल द्वीप पर नाइट सफारी, लग्जरी रीगल सीरीज बोट, पैरामोटरिंग, पैरासेलिंग, स्पीड बोट, जेट स्की, हॉट एयर बलून, मोटर बोट राइडिंग सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों ने पर्यटकों को रोमांचित किया।

मूलभूत शिक्षा की बेहतरी के लिये प्राथमिक शिक्षकों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण प्रारंभ

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों की पूर्ति के लिये मध्यप्रदेश में कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए संचालित मिशन अंकुर के तहत शिक्षकों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। उल्लेखनीय है कि नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 में भी सीखने के बेहतर परिणामों के लिए खेल आधारित और अनुभवात्मक शिक्षण-अध्यापन पर विशेष बल दिया गया है। इसी दिशा में मिशन अंकुर में अभिनव शिक्षण विधियां निर्धारित की गई हैं।

संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि राष्ट्रीय निपुण भारत अभियान में मध्यप्रदेश में मिशन अंकुर की परिकल्पना 2020 में की गई थी। यह मिशन स्कूल शिक्षा विभाग की गुणवत्ता और सक्रियता को दर्शाता है। मिशन अंकुर में राज्य ने कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान और सीखने के परिणामों में सुधार के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इसी कड़ी में नवीन शिक्षण पद्धतियों में शिक्षक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विगत अप्रैल से जून 2022 के मध्य मिशन अंकुर से जुड़े सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। इसमें लगभग 90 हजार शिक्षकों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान की अवधारणाओं और बेहतर कक्षा शिक्षण के लिए तैयार की गई विशेष शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षण से कक्षाओं में इन विधियों का बेहतर उपयोग हुआ। सतत प्रशिक्षण के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्याज्ञान शिक्षण विधियों को और सशक्त करने और मिशन अंकुर में गुणवत्तापूर्ण कक्षा शिक्षण के संकल्प को मजबूत करने के लिए 3 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में लगभग 1500 जिला मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। ये मास्टर ट्रेनर्स, 30 जनवरी से 22 फरवरी 2023 के बीच विकासखंड स्तर पर प्राथमिक शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

मिशन अंकुर प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

- कम्युनिकेशन लॉस से बचने के लिए मास्टर ट्रेनर्स का राज्य स्तर पर और शिक्षकों को विकासखंड पर प्रशिक्षण। वृहद स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन एक उपलब्धि है।
- मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान की अवधारणाओं और बेहतर कक्षा शिक्षण के लिए विशेष शिक्षण विधियों के आधार पर तैयार प्रशिक्षण सामग्री।
- प्रशिक्षण के प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए आईटी प्रणाली का उपयोग।
- अभिनव शिक्षण विधियों को अपनाकर मिशन अंकुर का समर्थन करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करने पर प्रशिक्षण का ध्यान।

लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 के बाद अब लाड़ली बहना योजना होगी शुरू

महिलाओं को हर साल राज्य सरकार देगी 12 हजार रुपये- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नर्मदापुरम् में आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम में आमजन को संबोधित करते हुये।

नर्मदापुरम, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदापुरम में नर्मदा जयंती एवं नर्मदापुरम के गौरव दिवस पर घोषणा की कि लाड़ली लक्ष्मी योजना की तरह अब प्रदेश में लाड़ली बहना योजना शुरू की जायेगी। योजना में सभी वर्गों की गरीब बहन को प्रतिमाह एक हजार रुपये मिलेंगे और यदि उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है, तो वह पूर्ववत् मिलता रहेगा। योजना पर 5 वर्षों में अनुमानित 60 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की जिन्दगी को और बेहतर बनायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे मेरी बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। बहनें सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा तो प्रदेश सशक्त होगा।

मुख्यमंत्री ने गौरव दिवस पर जिले को अनेक विकास कार्यों की सौगात देते हुए श्री महाकाल लोक की तर्ज पर नर्मदापुरम लोक और नर्मदा कॉरिडोर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम विकास के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का जल मंच से वर्चुअल भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें प्रमुख रूप से 11 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन आयुक्त नर्मदापुरम के भवन का लोकार्पण, 1 करोड़ 97 लाख की लागत से रामलीला मैदान के उन्नयन, 2 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं विभिन्न विकास कार्य और 5 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत वाले नगर के ऑडिटोरियम का वर्चुअल भूमि-पूजन किया।

समारोह को सांसद श्री राव उदयप्रताप सिंह और विधायक श्री सीतासरन शर्मा ने भी संबोधित किया। समारोह में जिले के प्रभारी एवं खनिज साधन मंत्री श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने लोकार्पित कीं 75 ई-बाइक्स

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान से 75 ई-बाइक्स को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ई-बाइक परियोजना के प्रथम चरण में यह ई-बाइक्स लोकार्पित की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी ई-बाइक चलाई। लोकार्पित 75 ई-बाइक के चालक रैली के रूप में श्यामला हिल्स स्थित पार्क से डिपो चौराहा, पी एण्ड टी चौराहा, संजय कॉम्प्लेक्स, माता मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा होते हुए टी.टी. नगर स्टेडियम पहुंचे।

लोकार्पित इलेक्ट्रिक बाइक की अधिकतम गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी, जो फुल चार्ज बैटरी में 35 किलोमीटर तक चल सकेगी। ई-बाइक को किराए पर लेने के लिए गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल पर चार्टर्ड बाइक एप डाउनलोड करना होगा। इस पर रजिस्ट्रेशन के बाद न्यूनतम 100 रुपये सुरक्षा निधि रखनी होगी। एप से क्यू.आर. कोड स्कैन कर ई-बाइक को किराए पर लिया जा सकता है। ई-बाइक के लिए भोपाल में 6 डॉकिंग स्टेशन टी.टी. नगर स्टेडियम, आई.एस.बी.टी., एम.पी. नगर जोन-1, अटल पथ (प्लेटिनम प्लाजा), वन विहार और बोट क्लब पर बने हैं।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए मिलेगा शहद-च्यवनप्राश

खंडवा, तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले संग्राहकों के कुपोषित बच्चे, जो आंगनवाड़ी में अध्ययनरत हैं, उन्हें 6-6 महीने की राशि और खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। ये बातें वन मंत्री डॉ. कुंवर शाह ने कहीं। वन मंत्री खण्डवा जिले के वन ग्राम आंवलिया में जनजातीय उद्यमिता प्रशिक्षण विकास केंद्र के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे। वन मंत्री ने प्राथमिक लघु वनोपज समितियों के प्रबंधकों के प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला में कहा कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए वन विभाग द्वारा महुआ का च्यवनप्राश बनाया जाएगा।

वन मंत्री ने कहा कि कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन 10 ग्राम शहद और 15 ग्राम च्यवनप्राश उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेन्दूपत्ता प्रबंधकों की मृत्यु होने की दशा में विभाग द्वारा उनके परिजन को 6 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। डॉ. शाह ने कहा कि प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को आगामी अप्रैल माह से मौजूदा मासिक मानदेय 10 हजार से बढ़ कर 13 हजार रुपये मिलने लगेगा।

एडीबी के प्रतिनिधियों ने की जल-प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं की समीक्षा

भोपाल, एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने एडीबी सहायतित जल-प्रदाय और सीवेज परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस से भी सौजन्य भेंट की। एडीबी के प्रतिनिधि-मण्डल ने सांची भ्रमण कर जल-प्रदाय और सीवरेज परियोजना का जायजा भी लिया। प्रतिनिधिमंडल में एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री समीर खरे के साथ डिप्टी कंट्री डायरेक्टर हो यूं जियोंग, बोआडोकफेंग चांसवत, विवेक विशाल, अर्जुन बजाज, मिहिर सोरती, राजेश यादव, पूनम एस. भांबरी, के मुरुगराज शामिल हैं।

नेशनालिस्ट सोशल मीडिया कॉन्क्लेव

सोशल मीडिया प्लेटफार्म ने कम्युनिकेशन में ला दी है नई क्रान्ति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में नेशनालिस्ट सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते हुये।

उज्जैन, पहले अखबार और टीवी प्रमुखता से मीडिया में छाये हुए थे, इनकी बड़ी भूमिका थी। इसके बाद आये सोशल मीडिया प्लेटफार्म ने अब कई भ्रान्तियां तोड़ दी हैं। टीवी दिखाये या न दिखाये, अखबार छापे या न छापे, आम जनता का प्लेटफार्म बने सोशल मीडिया ने सूचना जगत में नई क्रान्ति ला दी है। अब कोई भी बात किसी से छुपी नहीं रह सकती है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के विशेषज्ञों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने हमारी परम्परा और हमारे धर्म को विश्व पटल पर स्थापित कर दिया है। जो लोग कभी राम का विरोध करते थे, वे अब राम नाम जप रहे हैं, जय महाकाल का उद्घोष कर रहे हैं। इस बदलाव को लाने में सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के युग में यदि अपने विचारों का प्रचार-प्रसार करना है तो सोशल मीडिया अपरिहार्य है। सोशल मीडिया ने देश की मानसिकता बदल दी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन के विक्रम कीर्ति मन्दिर में दो दिवसीय सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का दीप जलाकर शुभारम्भ करते हुये कहीं। भारत नीति के इस कॉन्क्लेव में देश के कई हिस्सों से सोशल मीडिया विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास के मामले में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज नर्मदा जयन्ती है। हमने नर्मदा-क्षिप्रा को जोड़ने का कार्य किया है। इसे गंभीर, कालीसिंध और पार्वती तक ले जा रहे हैं। प्रदेश की सिंचाई क्षमता कभी 7 लाख हेक्टेयर हुआ करती थी, जो अब 45 लाख हेक्टेयर हो गई है। वर्ष 2024 तक यह बढ़ कर 65 लाख हेक्टेयर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये अच्छा सन्देश देने के लिये उनके द्वारा प्रतिदिन पौधा लगाने की परम्परा शुरू की गई, जिसे 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

श्री चौहान ने कहा कि भारत अत्यन्त प्राचीन राष्ट्र है। पश्चिम में जब सभ्यता का उदय नहीं हुआ था तब हमारे यहां वेदों की ऋचाएं रच दी गई थीं। हमारे यहां तक्षशिला और नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय कार्यशील थे। देश की धरती ने हर विचार का आदर किया है। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। हमारी परम्परा वसुधैव कुटुम्बकम् की रही है और इसी के अनुरूप एक धरती, एक भविष्य और एक परिवार का सूत्र लेकर कार्य किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की विशेषता है कि हम अपने मन्दिर की प्रतिमाओं में भी प्राण-प्रतिष्ठा कर देते हैं। यहां कालभैरव मन्दिर में मंत्रोच्चार से प्रतिमा मदिरापान करती है। बोरेश्वर महादेव दंगवाड़ा में शिवलिंग पर जितना भी जल चढ़ाओ, पृथ्वी के गर्भ में समा जाता है, पता नहीं लगता पानी कहां जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि 5 हजार वर्ष पहले यहां महर्षि सान्दीपनि ने गुरुकुल स्थापित किया, जहां अमीर और गरीब का भेद नहीं था।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन

विविध जनजातीय सम्मान
वर्ष 2021

जनजातीय समाज के स्वाभिमान, नेतृत्व गुणों, त्याग, बलिदान की स्मृति को बनाये रखने, समाज के समुख आदर्श प्रस्तुत करने तथा जनजातीय जीवन के पारंपरिक कला-कौशल एवं सृजनात्मक अवदान को प्रचारित-प्रसारित और गौरवान्वित करने के उद्देश्य से स्थापित।

वर्ष 2021 के लिये नीचे लिखित सम्मान के लिये नामांकन/अनुशंसाएँ विभिन्न राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिसमें अंतिम तिथि 20.01.2023 निर्धारित थी। उक्त तिथि को बढ़ाकर **28 फरवरी 2023** किया गया है।

निर्णायक मंडल : मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा गठित निर्णायक मंडल का सर्वानुमत निर्णय आवश्यक होगा, जो शासन के लिए बंधनकारी होगा।

प्रारूप : प्रविष्टि के साथ व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय, उनके सृजनात्मक कार्यों की विशेष जानकारी, उन्हें पूर्व में प्राप्त पुरस्कारों का विवरण, उनके बारे में पूर्व प्रकाशित प्रतिवेदन की जानकारी तथा सम्मान के लिए नामांकित संस्था/व्यक्ति के बारे में प्रख्यात व्यक्तियों/पत्र-पत्रिकाओं द्वारा की गयी टिप्पणियों की प्रतिलिपियाँ भी अपेक्षित होंगी। प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों/निष्कर्षों/प्रमाणों का संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि प्रस्तुतकर्ता का रहेगा। इस मामले में राज्य शासन किसी विवाद में पक्षकार नहीं माना जाएगा।

- एक से अधिक सम्मान के लिए नामांकन की स्थिति में, प्रत्येक सम्मान के लिए पृथक-पृथक प्रविष्टि आमंत्रित है।
- जनजातीय सृजनात्मक कला, शिल्प, साहित्य, संस्कृति एवं समाजसेवा के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, लेखकों, समीक्षकों, विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, जनजातीय केन्द्रों से नामांकन/अनुशंसाएँ आमंत्रित हैं।
- पात्रता संबंधी विस्तृत विवरण कार्यालय वन्या प्रकाशन में कार्यालयीन समय पर तथा जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट **www.tribal.mp.gov.in** पर देखा जा सकेगा।

वन्या कार्यालय में नामांकन/प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि : 28.02.2023, अपराह्न 03.00 बजे तक

प्रबंध संचालक, वन्या (जनजातीय कार्य विभाग)
राजीव गाँधी भवन, 35, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002
ई-मेल : vanya_prakashan@yahoo.co.in

R-48152/2023 म.प्र. माध्यम/108364/2023

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

ऋषि सुनक

कार ड्राइव करते समय सीट बेल्ट हटाने पर मांगी माफी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में कार ड्राइव के दौरान सीट बेल्ट हटाने पर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने के दौरान अपनी सीट बेल्ट हटा ली थी। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री सुनक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में कार में सीट बेल्ट न लगाने पर 100 पाउंड का जुर्माना मौके पर ही दिया जाता है, अगर यह विवाद अदालत में जाता है तो जुर्माना बढ़कर 500 पाउंड हो जाता है।

रीड हेस्टिंग्स

नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक ने छोड़ा सीईओ पद

नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक रीड हेस्टिंग्स ने संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ दिया है। वे कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अब कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह इस्तीफा देने का सही समय है। सीईओ का दायित्व अब उनके लंबे समय से साथी रहे टेड सारंडोस और कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी ग्रेग पीटर्स को सौंपा गया है। पीटर्स और सारंडोस को कोरोना काल में कंपनी के चुनौतीपूर्ण समय पर प्रोन्नति प्रदान की गयी थी।

मारिया ब्रान्यास मोरेरा

सबसे उम्रदराज इंसान बनीं

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 118 वर्षीय लुसिले रैंडन के निधन के बाद स्पेन की मरिया ब्रान्यास मोरेरा को दुनिया का सबसे उम्रदराज इंसान घोषित किया है। 19 जनवरी 2023 तक मोरेरा की उम्र 115 साल 321 दिन थी। दोनों विश्व युद्ध देख चुकीं मोरेरा के 3 बच्चे, 11 पोते/पोती, 11 परपोते/परपोती हैं।

स्पेन में

अनूठा जर्मप्लास फेस्टिवल

स्पेन में मनाए गए जर्मप्लास फेस्टिवल के दौरान जर्मप्लास पर लोग शलजम फेंककर खुशी जाहिर करते हैं। दरअसल इस फेस्टिवल में बुराई के प्रतीक के रूप में किसी शख्स को जर्मप्लास (एक तरह का परिधान पहना दूत) बनाया जाता है और उसे वस्त्रबंद बहुरंगी परिधान पहनाए जाते हैं। बहुरंगी पोशाक पहना यह शख्स ढोल बजाते हुए शहर के केंद्र में घूमता है, जबकि सैकड़ों लोग उस पर शलजम फेंकते हैं।

विक्रम देवदत्त

डीजीसीए के अगले प्रमुख होंगे

कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी (एसीसी) ने नागरिक उड्डयन महानिदेश शालय (डीजीसीए) में अगले महानिदेशक के रूप में विक्रम देवदत्त की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। विक्रम वर्तमान में एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं। वे 28 फरवरी को पदभार संभालेंगे। डीजीसीए भारत के भीतर हवाई परिवहन सेवाओं के नियमन और नागरिक हवाई नियमों, हवाई सुरक्षा और उड़ान योग्यता मानकों के प्रवर्तन के लिए जिम्मेदार है।

पिज्जा हट ने

सबसे बड़ा पिज्जा बनाया

पिज्जा हट ने दुनिया का सबसे बड़ा पिज्जा बनाकर इतिहास रच दिया है। कंपनी के वर्कर ने 13,900 वर्ग फीट का पिज्जा बनाया है। इसे बनाने में 6193 किलो आटा, 3,912 किलोग्राम चीज एवं 6,30,496 पीस पेपरोनी का इस्तेमाल किया गया। कंपनी के कर्मचारियों ने यह पिज्जा लॉस एंजिल्स कन्वेंशन सेंटर की छत पर बनाया। तैयार होने के बाद इससे 68 हजार स्लाइस निकलीं। इस पिज्जा को 400 शेफ ने मिलकर बनाया। पिज्जा हट के अध्यक्ष ने कहा कि हम ऐसा विग न्यू यॉर्कर की वापसी को सेलिब्रेट करने के लिए कर रहे हैं।

ब्राजील में

सुपर साइज वेबी का जन्म हुआ

ब्राजील में एक महिला ने 'सुपर साइज' बच्चे को जन्म दिया है। इसका वजन 7 किलोग्राम जबकि लंबाई दो फीट है। रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील में जन्मे इस बच्चे का नाम एंगस्रन संटोज रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चा पूरी तरह ठीक है। ब्राजील में इससे पहले 2014 में 6.7 किलोग्राम वजन के बच्चे ने जन्म लिया था।

जनरल जूलियो सीजर

सेना प्रमुख पद से बर्खास्त

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुलाडा सिल्वा ने ब्राजील के सेना प्रमुख जनरल जूलियो सीजर डी अब्डा को पद से बर्खास्त कर दिया। उनकी जगह दक्षिण पूर्व सैन्य कमान के प्रमुख जनरल टामस मिगुएल रिवेरो पाइवा लेंगे। हाल ही में पूर्व राष्ट्रपति जायस बोल्सेनारो के समर्थकों के सरकारी भवनों पर धावा बोलने और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने के बाद राष्ट्रपति लूला ने सेना पर शिकंजा कसा है। लूला ने सार्वजनिक रूप से कई बार कहा कि निश्चित रूप से सेना में ऐसे लोग थे, जिन्होंने दंगे होने दिए।

कैप्टन हरप्रीत चंडी

दक्षिणी ध्रुव पर अकेले 1397 किलोमीटर की यात्रा की

ब्रिटिश सेना में भारतीय मूल की अधिकारी और फिजियोथेरेपिस्ट कैप्टन हरप्रीत चंडी ने अकेले बिना किसी सहायता के दक्षिणी ध्रुव (अंटार्कटिका) पर लंबा सफर तय कर इतिहास रच दिया है। वह बिना किसी मदद के अकेले इस कठिन यात्रा को पूरा करने वाली पहली महिला बन गई हैं। अपने इस मुश्किल सफर में उन्होंने शून्य से 50 डिग्री सेल्सियस कम तापमान का सामना करते हुए अंटार्कटिका में 1397 किलोमीटर की यात्रा की।

क्रिस हिपर्किंस

न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बने

न्यूजीलैंड में कोरोना से मुकाबले में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले क्रिस हिपर्किंस नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं। मौजूदा प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न इस्तीफा देने के बाद 7 फरवरी तक अपने पद पर रहेंगी। सत्ताधारी लेबर पार्टी की आपात बैठक में हिपर्किंस को प्रधानमंत्री चुन लिया गया। 44 वर्षीय क्रिस बहुमत से प्रधानमंत्री चुने गए।

अंटार्कटिका

लंदन के आकार का आइसबर्ग टूटा

अंटार्कटिका आइस शैल से ग्रेटर लंदन के आकार का एक विशाल आइसबर्ग (हिमखंड) टूट गया है। यह घटना ब्रिटेन के हैली रिसर्च स्टेशन के पास हुई। नेशनल जियोग्राफिक की रिपोर्ट के मुताबिक आइसबर्ग के टूटने की इस प्रक्रिया को कैल्विंग कहा जाता है। इस बड़े आइसबर्ग का आकार लगभग 600 वर्गमील है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के अनुसार वैज्ञानिकों को पहले से ही इस घटना की उम्मीद थी।

राजा जे चारी

अमेरिका में वायुसेना ब्रिगेडियर जनरल पद पर नामित

भारतीय - अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री राजा जे चारी को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वायुसेना ब्रिगेडियर जनरल के पद पर नियुक्ति के लिए नामित किया है। नामांकन की घोषणा करते हुए अमेरिकी रक्षा विभाग ने पुष्टि भी की है। 45 वर्ष के कर्नल चारी वर्तमान में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन, जॉनसन स्पेस सेंटर टेक्सास में क्रू-3 कमांडर और अंतरिक्ष यात्री के रूप में कार्यरत हैं। राजा ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिक्स में मास्टर्स डिग्री हासिल की।

मिस्र में

1800 साल पुराना आवासीय शहर मिला

मिस्र के पुरातत्वविदों ने दक्षिणी शहर लक्सर में एक 1800 साल पुराने रोमन युग से पुराने आवासीय शहर की खोज की है। मिस्र की सुप्रीम काउंसिल ऑफ एंटिक्विटीज के प्रमुख मुस्तफा वजीरी के अनुसार दुसरी और तीसरी शताब्दी का शहर लक्सर के पूर्वी तट पर पाया जाने वाला सबसे पुराना और महत्वपूर्ण शहर है। मिस्र में यह एक दुर्लभ पुरातात्विक खोज है। ज्ञात रहें कि अप्रैल 2021 में अधिकारियों ने लक्सर के पश्चिमी तट पर 3 हजार साल पुराने खोए हुए शहर की खोज की थी।

संयुक्त राष्ट्र ने

तालिबानी झंडे के सामने खिचवायीं तस्वीर पर माफी मांगी

संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में तालिबानी झंडे के सामने अपने कुछ कर्मियों द्वारा खींची गयी सामूहिक तस्वीरों के दुनिया के सामने आ जाने पर माफी मांगी है। उन्होंने इसे बड़ी चूक माना है। संयुक्त राष्ट्र के उप-महासचिव ने पिछले दिनों अफगानिस्तान की यात्रा की थी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा तालिबानी झंडे के साथ खींची गई तस्वीर पर आक्षेप लग गया है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप-प्रवक्ता फरहान ने तस्वीरों पर कड़ा एतराज जताया है।

आर्मीनिया

सैन्य ठिकाने पर लगी भीषण आग

आर्मीनिया के एक सैन्य अड्डे पर तड़के आग लग गई। हादसे में कम से कम 15 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षामंत्री ने बताया कि पूर्वी आर्मीनिया के मेघारकुनिक प्रांत में स्थित सैन्य ठिकाने में आग लग गई। आर्मीनिया के रक्षामंत्री सुरेन पापिक्यान ने बताया कि चूल्हे को ईंधन देने के लिए गैसोलीन का इस्तेमाल किया था। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री ने घटना के तुरंत बाद जनरल बाग्राम को पद से बर्खास्त कर दिया।

थाईलैंड में

रेलवे लाइन पर लगता है बाजार

थाईलैंड में एक बाजार ऐसा है जो रेलवे लाइन के आसपास लगता है। इसे लाइफ रिस्किंग बाजार भी कहा जा रहा है। जिसकी सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा हो रही है। थाईलैंड ट्रिज्म की वेबसाइट के अनुसार 100 मीटर के दायरे में समुत सोंगखराम प्रांत के मेकलोंग रेलवे स्टेशन से यह रोम हुए मार्केट लगता है, जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। ट्रेन से आने से पहले बाजार हट जाता है और ट्रेन के जाते ही दोबारा लग जाता है।

मारगस लेंद्रे को

रूस ने किया निष्कासित

रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूस एस्टोनिया के राजदूत को निष्कासित कर रहा है और देश में उसके राजनयिक मिशन का जिम्मा दूतावास प्रभारी संभालेंगे। मंत्रालय ने कहा कि एस्टोनिया के राजदूत मारगस लेंद्रे को सात फरवरी तक देश छोड़ने का आदेश दिया है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ के देश एस्टोनिया के मॉस्को स्थित दूतावास में देश का राजनयिक प्रतिनिधित्व अब दूतावास प्रभारी करेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि एस्टोनिया ने जानबूझकर रूस के साथ संबंधों को कटु बना लिया है।

राज सुब्रमण्यम

होरेशियो अल्जीरिया अवॉर्ड से सम्मानित

भारत में जन्मे फेडएक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ राज सुब्रमण्यम को होरेशियो अल्जीरिया पुरस्कार मिला है। 54 वर्षीय सुब्रमण्यम उत्तरी अमेरिका के 13 असाधारण व्यापार, नागरिक और सांस्कृतिक नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। राज आईआईटी बॉम्बे से पढ़े हैं और उनके पास 94 अरब डॉलर की परिवहन कंपनी फेड एक्स में 30 से अधिक वर्षों का कार्यानुभव है।

स्मृति शेष

पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का निधन

प्रख्यात न्यायविद् और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री शांति भूषण का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और कानून मंत्री श्री किरेन रीजीजू समेत अन्य हस्तियों ने उनके निधन पर शोक जताया है। अपने समय के वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण वर्ष 1977 से 1979 तक कानून मंत्री रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, 'श्री शांति भूषण जी को कानूनी क्षेत्र में उनके योगदान और वंचितों के लिए आवाज उठाने के उनके जुनून के लिए याद किया जाएगा।'

पूर्व भारतीय फुटबॉलर परिमल डे का निधन

पूर्व भारतीय फुटबॉलर परिमल डे का लंबी बीमारी के बाद कोलकाता में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उन्होंने पांच मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कोरिया के खिलाफ कांस्य पदक मैच में उनके एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय गोल की बदौलत भारत ने 1966 मरडेका कप में तीसरा स्थान हासिल किया था। उन्होंने क्लब स्तर पर ईस्ट बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए 84 गोल दागे। परिमल ने अपने सुस्जित कैरियर में कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड तीन-तीन बार जीते थे। इसके अलावा वह डूरंड कप (दो बार) और रोवर्स कप (तीन बार) जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)
महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय
(स्वशासी संस्था) , इन्दौर (म.प्र.)

दूरभाष : 0731-2528516, Email : mahsimgm@gmail.com, Website : www.mahsimgm.in

क्रमांक 329/सामा/MAHSI/2023 **इंदौर, दिनांक : 28.01.2023**

प्रवेश सूचना : शैक्षणिक सत्र 2022-23
फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में अनंतिम प्रवेश हेतु

स्टेट अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर के अंतर्गत संचालित फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया **दिनांक 06.06.2023** से प्रारंभ हो रही है। विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र मय प्रवेश विवरणिका संस्था MAHSI की वेबसाइट **www.mahsimgm.in** एवं चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाइट **www.mgmmcindore.in** पर उपलब्ध होंगे एवं आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क के साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन/संस्था में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर ऑफलाइन माध्यम से जमा किए जा सकेंगे।

- स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम एम.पी.टी. ऑर्थोपेडिक्स/न्यूरोलॉजी/स्पोर्ट्स/कॉर्डियोथोरासिक/ऑब्स-गायनोकोलॉजी/ऑन्कोलॉजी/जिरियाट्रिक्स में उपलब्ध कुल 35 सीटों पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.पी.टी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- स्नातक डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 365 सीट उपलब्ध हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड से बॉयोलॉजी, फिजिक्स एवं केमेस्ट्री विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

उक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राज्य के आरक्षण संबंधी नियमों का पालन किया जावेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां	डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम हेतु	स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु
आवेदन पत्र एवं प्रवेश विवरणिका संस्था की वेबसाइट पर उपलब्धता	06.02.2023 से 18.02.23 तक	06.02.23 से 18.02.23 तक
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	20.02.2023	20.02.2023
एमपीटी प्रवेश परीक्षा (केवल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु)	--	23.02.2023
काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की तिथियां	03.03.2023 से	28.02.2023

नोट : उक्त तिथियों/प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संभावित परिवर्तन की सूचना वेबसाइट **www.mahsimgm.in** एवं चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाइट **www.mgmmcindore.in** पर तथा संस्था के नोटिस बोर्ड पर जारी की जावेगी। कृपया समय-समय पर वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

जी-22524/48160/2023 **महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र, सागर

फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आईडी. : cepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं. - 22/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 20.01.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2023_PWDRB_246337_1	उजनेठी से पाटन मार्ग मजबूतीकरण कार्य लं. 8.0 कि.मी.	सागर	601.07	601070	20000	12 माह
2.	2023_PWDRB_246340_1	निवाड़ी तिगैला से रेलवे स्टेशन तक डिवाईडर लाइट सहित मार्ग का निर्माण मय विद्युतीकरण कार्य।	टीकमगढ़	505.58	505580	20000	08 माह
3.	2023_PWDRB_246346_1	बायपास रोड निर्माण कार्य टीकमगढ़ सागर रोड एन.एच. 539 पपौरा जी से बायपास मधुवन, गनेशगंज होते हुए वानपुर रोड हमीरपुर चुंगी हाईवे लो.नि.वि. एन.एच. 10 मार्ग का निर्माण विद्युतीकरण कार्य सहित।	टीकमगढ़	893.04	893040	20000	12 माह
4.	2023_PWDRB_246353_1	नौगांव छतरपुर चंद्रपुरा मार्ग (पुराना एन.एच.) लंबाई 23.00 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य एवं छतरपुर टाउन मार्ग पर स्थित 09 नग पुल एवं पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य।	छतरपुर	1944.30	1000000	30000	16 माह

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 23.01.2023 समय 10.30 बजे से **दिनांक 06.02.2023** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता

जी-22279/48141/2023 **लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency Of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 204/MTN/2023

No./1518/22/D-12/NIT-Maint./2023 **Bhopal, Dated : 02/02/2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name Of Work – Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Ashoknagar	1	34291694.00
2	Betul	3	44407301.00
3	Chhatarpur	1	11895352.00
4	Chhindwara	8	114319204.00
5	Damoh	1	943316.00
6	Datia	3	38218716.00
7	Dewas	3	33446874.00
8	Guna	2	15140796.00
9	Harda	1	10213000.00
10	Indore	1	3536129.00
11	Jabalpur	1	5125616.00
12	Katni	1	5919719.00
13	Khandwa	1	11839963.00
14	Khargone	1	3522966.00
15	Narmadapuram	1	4741806.00
16	Mandsaur	1	11913246.00
17	Morena	1	4427189.00
18	Narsinghpur	3	22306062.00
19	Panna	2	9127443.00
20	Rajgarh	1	11310535.00
21	Raisen	1	7338000.00
22	Ratlam	1	22659023.00
23	Rewa	5	42918814.00
24	Sagar	2	10692533.00
25	Seoni	1	8026874.00
26	Singrauli	1	8560348.00
27	Ujjain	2	36677136.00
28	Vidisha	3	19419147.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Repair/Maintenance Of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Barwani	1	2295387.00
2	Betul	1	4552439.00
3	Bhind	1	10202677.00
4	Chhatarpur	1	17732966.00
5	Chhindwara	1	11848309.00
6	Datia	1	16226851.00
7	Dewas	1	6375463.00
8	Dhar	2	29029346.00
9	Dindori	1	17885186.00
10	Guna	1	14813909.00
11	Jhabua	1	32646060.00
12	Khandwa	2	24991334.00
13	Khargone	4	43594379.00
14	Sagar	3	27648719.00
15	Satna	1	8220194.00
16	Singrauli	4	30062479.00
17	Umaria	1	21497653.00
18	Vidisha	1	15675380.00

3. Table No. 3 :- Name of Work – Repair/Maintenance Of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Barwani	1	8224696.00
2	Chhatarpur	1	21637711.00
3	Damoh	3	25673699.00
4	Dewas	2	19691411.00
5	Dhar	2	18629110.00
6	Jhabua	1	5649113.00
7	Khandwa	1	9511041.00
8	Khargone	1	13246272.00
9	Morena	2	57885104.00
10	Neemuch	1	17811357.00
11	Ratlam	1	15527359.00
12	Sagar	1	9035373.00
13	Shahdol	1	6679399.00
14	Shivpuri	1	10056700.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **06.02.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/108436/2023 R-48162/2023 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 01 ग्वालियर
ई-मेल :- mpphcgwaliorno1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र. 01, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 39/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-2022_MPPHC_249561_1, 2022_MPPHC_249574_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108446/48166/2023 **परियोजना यंत्री**

केंद्रीय बजट 2023-24 अमृत काल का सबसे महत्वाकांक्षी बजट

भोपाल, केंद्रीय बजट 2023-24 अमृतकाल का सबसे महत्वाकांक्षी बजट है। इससे मध्यप्रदेश को विभिन्न सेक्टर में कार्य करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। विभिन्न वक्ताओं ने यह विचार अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में केंद्रीय बजट 2023-24 पर हुई विश्लेषणात्मक परिचर्चा में व्यक्त किये।

सदस्य सचिव राज्य नीति एवं योजना आयोग श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में प्रदेश की आकांक्षाएं फिलेक्ट हो रही हैं। बजट में कृषि, उद्योग, शहरी और ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए किए गए विशेष बजट प्रावधानों का मध्यप्रदेश को भरपूर लाभ मिलेगा। नये नर्सिंग कॉलेज, एकलव्य विद्यालय खुलने के साथ ही एयरपोर्ट भी बनाये जायेंगे।

नाबार्ड के सीजीएम श्री निरुपम मेहरोत्रा ने 'इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड इटस फाइनेंसिंग' पर बोलते हुए कहा कि बजट में वास्तव में देश के सर्वांगीण विकास की नींव रखी गयी है। ग्रामीण क्षेत्र में अधोसंरचना का विकास होने पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री मेहरोत्रा ने बताया कि वर्ष 2028 तक एक ट्रिलियन डिजिटल इकोनॉमी का लक्ष्य है। कृषि और उद्यानिकी सेक्टर को बढ़ाना होगा।

सी.आई.आई. के डायरेक्टर श्री मिहिर मर्चेंट ने 'इम्पेक्ट ऑफ इंडस्ट्री एण्ड एमएसएमई, ट्रेड्स फॉर द स्टेट' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि बजट में स्टार्टअप और आंत्रप्रेन्योर को प्रोत्साहन मिलेगा। रेलवे की जरूरी सामग्रियों के निर्माण के लिए अधोसंरचना विकसित करने के लिए भोपाल में अनुकूल परिस्थितियां हैं। बायो एनर्जी, गोवर्धन योजना, ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बेहतर कार्य कर सकता है। पीपीपी मॉडल में कार्यों को गति मिलेगी।

चार्टर्ड एकांउटेंट श्री अमित जैन ने 'टैक्स स्ट्रक्चर एण्ड चेंजेज' पर बोलते हुए कहा कि यह ग्रोथ बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आयकर में कटौती और छूट को खत्म करना है। बजट में सभी आय वर्ग के लोगों को सहूलियत देने का प्रयास किया गया है।

ग्रामीण भारत के विकास का पर्याय है मनरेगा

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के बाधक तत्वों में जनसंख्या वृद्धि प्रधान कारक है। इससे अन्य ज्वलंत कारकों का जन्म होता है, जैसे- अशिक्षा, बेरोज़गारी, गरीबी, कुपोषण, सामाजिक अपराध, पारिवारिक विघटन आदि। इन समस्याओं के कारण सामाजिक एवं आर्थिक सुदृढ़ता हेतु शासन सतत् रूप से प्रयत्नशील है। केन्द्र एवं राज्य सरकारें प्रथम पंच वर्षीय योजना से ही इन समस्याओं के समाधानकारक उपायों पर विचार करते हुए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती आ रही हैं एवं इनके सार्थक परिणाम भी हमें देखने को मिले हैं। वर्तमान में आमजन के हितार्थ निम्न कल्याणकारी योजनाएं प्रमुख हैं:-

1. प्रधानमंत्री आवास योजना- बेघर परिवारों को स्वयं की छत उपलब्ध कराने हेतु।
2. स्वच्छ भारत मिशन- स्वच्छता एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए।
3. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन- महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्वसहायता समूहों का गठन कर आत्मनिर्भरता हेतु।
4. आयुष्मान भारत योजना- उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए।
5. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना- स्वरोजगार स्थापित करने हेतु।
6. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- कृषि एवं कृषक की समृद्धि हेतु।
7. महात्मा गांधी नरेगा- ग्रामीण परिवारों को स्थानीय आधार पर रोज़गार (अकुशल श्रम) की उपलब्धता हेतु।

किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं आर्थिक सुदृढ़ता की बुनियाद मानवीय संसाधन का समुचित विकास एवं उसका श्रेष्ठ नियोजन है। रोज़गार सृजन का प्रमुख आधार स्वरोजगार स्थापित करना ही माना जाता है। वास्तव में बेरोज़गारी के दो रूप होते हैं। शिक्षित एवं अशिक्षित स्वरोजगार की अवधारणा शिक्षित वर्ग पर लागू होती है। अशिक्षित वर्ग इससे अछूता रहता है साथ ही बेरोज़गारी शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्र में होती है। प्रश्न हमारे सामने यह है कि अशिक्षित/ग्रामीण वर्ग जो स्थानीय आधार पर रोज़गार के पर्याप्त अवसर न होने के कारण शोषण एवं पलायन का शिकार होता है उसे स्थानीय आधार पर रोज़गार के पर्याप्त अवसर कैसे उपलब्ध कराये जायें ? इस आधार पर एवं ऐसी योजना की इस देश में आवश्यकता परिलक्षित हुई है।

ग्रामीण परिवेश के अशिक्षित वर्ग/ग्रामीण वर्ग को स्थानीय आधार पर रोज़गार की सुगमता सुनिश्चित कराते हुए आर्थिक रूप से सहयोग किया जा सके। इस विचार को सरकार ने मूर्तरूप प्रदान करते हुए केन्द्रीय सरकार की रोज़गारमूलक योजना 07 सितम्बर-2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम पारित करते हुए एक पंजीकृत ग्रामीण परिवार के एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का रोज़गार (अकुशल श्रम) प्रदान करने की गारंटी प्रदान की गई। यह योजना 2 फरवरी, 2006 से देश में चिन्हित 200 जिलों में प्रारंभ की गई। तत्पश्चात् वित्तीय वर्ष 2007-08 में 130 जिलों में विस्तार किया गया एवं अप्रैल- 2008 से पूरे देश में लागू की गई, जो 2 अक्टूबर-2009 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना नाम से लोकप्रिय है। सामान्य बोलचाल में इसे मनरेगा कहा जाता है।

इस योजना का क्रियान्वयन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाता है। योजना से एक ओर जहां स्थानीय आधार पर रोज़गार के पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये स्थायी परिसम्पत्तियों का सृजन होता है। ग्रामीण विकास की अवधारणा को इस योजना ने नि:संदेह सुदृढ़ता प्रदान की है। योजना का सोशल ऑडिट किया जाता है, जो इसकी प्रभावशीलता एवं पारदर्शिता का परिचायक है। वित्तीय वर्ष 2013-14 से इस योजना को कम्प्यूरीकृत किया गया। योजना का संचालन पूर्णत: ऑनलाइन किया जा रहा है। कार्य प्रारंभ से कार्य अंत तक एवं श्रमिक के खाते में सीधे मजदूरी की राशि का ऑनलाइन भुगतान डी.बी.टी. के द्वारा एवं एवं सामग्री विक्रेता के खाते में भी इसी माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जाता है।

योजना- योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण परिवार जो अकुशल श्रम करने में सक्षम है, उनका पंजीयन कर उन्हें एक वित्तीय वर्ष में एक परिवार को 100 दिवस का रोज़गार उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सके एवं ग्रामीण परिवेश में निवासरत परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो एवं पलायन या शोषण की स्थिति न बने। ग्रामीण भारत का अधोसंरचनात्मक विकास करते हुए शासकीय परिसंपत्तियों का स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर निर्माण किया जाता है। योजना का प्रमुख घटक 60:40 अनुपात है, जिससे कार्य की कुल स्वीकृत राशि का 60 फीसदी भाग, श्रमिक भुगतान पर एवं 40 फीसदी राशि सामग्री पर व्यय किया जाता है। श्रमिक को उसकी मजदूरी की राशि का भुगतान 15 दिवस में उसके बैंक खाते में सीधे जमा होना भी प्रमुख विशेषता है। रोज़गार की मांग करने पर रोज़गार 15 दिवस में उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोज़गारी भत्ते का भुगतान किये जाने एवं श्रमिकों की संख्या में एक तिहाई महिला श्रमिकों का नियोजन संबंधी प्रावधान है। कार्य स्थल पर पेयजल की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा एवं श्रमिक की कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु पर शासन द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान भी किया जाता है।

योजना में ग्रामीण परिवार का पंजीयन होता है। ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय आवश्यकतानुसार कार्य योजना तैयार की जाती है। जिसका ग्राम सभा में अनुमोदन होता है तत्पश्चात् जनपद एवं जिला पंचायत से अनुमोदन उपरांत कार्य की लागत के आधार पर शासन के दिशा-निर्देशानुसार क्रियान्वयन एजेन्सी का चयन होता है। योजना में मुख्यत: दो प्रकार से कार्य कराये जाते हैं :-

1. हितग्राही मूलक

2. सामुदायिक मूलक

योजना के अंतर्गत प्रमुख रूप से निम्न कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य, वृक्षारोपण कार्य, परम्परागत जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, तालाब निर्माण एवं जीर्णोद्धार, भूमि विकास, मेड़-बंधान, बाढ़ नियंत्रण कार्य, जल भराव एवं जल निकासी के कार्य, यातायात सुगमता की दृष्टि से ग्रामीण सुदूर सड़क संपर्क के कार्य, खेत तालाब, मुक्तिधाम, गौशाला निर्माण एवं नदी पुनर्जीवन का कार्य। इनके अतिरिक्त अन्य शासकीय योजनाओं से निर्मित कार्यों में मनरेगा योजना का अभिशरण किया जाता है। योजना की प्रमुखता अकुशल श्रम को प्राथमिकता देना, मशीनों पर प्रतिबंध एवं ठेकेदारी प्रथा पर पूर्णत: रोक है।

योजना के अंतर्गत हितग्राहीमूलक कार्यों में हितैषी कपिलधारा योजना, निर्धन कृषक (लघु एवं सीमांत) को जीवनदायिनी सिद्ध हुई है, क्योंकि उनके पास स्वयं के सिंचाई के साधन नहीं होते हैं मौसमी कृषि पर आधारित होते हैं। कम उपज, सूखा आदि होने पर कर्जदार हो जाते हैं उनके जीवन में मनरेगा की हितैषी कपिलधारा योजना भाग्य-रेखा बनकर उभरी है। एक ओर जहां कृषि की उत्पादकता में वृद्धि हुई है वहीं दूसरी ओर कृषक का जीवन स्तर उन्नयन हुआ है। इसी प्रकार सामुदायिक कार्यों में निर्मल नीर (पेय जल की व्यवस्था), तालाब निर्माण, स्टापडैम, ग्राम संपर्क सड़क, नदी पुनर्जीवन, गौशाला निर्माण, अमृत सरोवर योजना, देवारण्य योजना, पुष्कर धरोहर योजना आदि कार्यों का ग्रामीण विकास की तस्वीर बदलने में सराहनीय योगदान रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजना का बजट 73 हजार करोड़ रुपये रखा गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में प्रतिदिन 204 रुपये मजदूरी निर्धारित है।

वैश्विक महामारी कोविड-19 के लॉकडाउन काल में मनरेगा ने निर्धन ग्रामीण परिवारों को विषम परिस्थितियों में दो वक्त की रोजी-रोटी की व्यवस्था कर अपनी सराहनीय भूमिका सिद्ध की है। शासन ने मनरेगा की महत्ता को देखते हुए माह अप्रैल 2020 से स्वीकृति प्रदान कर अपने घर लौटे प्रवासी श्रमिकों को नवीन जॉबकार्ड तैयार कर रोज़गार के पर्याप्त अवसर प्रदान किये हैं। इस हेतु श्रम सिद्धि अभियान एवं रोज़गार सेतु पोर्टल प्रारंभ किया गया। निश्चित तौर पर ऐसे कठिन समय में मनरेगा ने डूबते को तिनके का सहारा मुहावरे को चरितार्थ किया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा ने अपने पिछले वर्षों की तुलना में कोरोनाकाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी महत्ता सिद्ध की है जिसे देखते हुए भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में मनरेगा फण्ड में 98 हजार करोड़ रुपये संशोधित प्रावधान किया।

जब तक समाज में सबसे कमजोर, शोषित वर्ग का विकास नहीं होगा उसे मूलभूत सुविधाएं एवं स्थानीय स्तर पर रोज़गार सहज उपलब्ध नहीं होगा, तब तक देश का समुचित विकास अधूरा ही माना जायेगा। हमारे राष्ट्रपिता ने कहा था कि- भारत गांवों में बसता है। अत: ग्रामीण परिवारों को महात्म गांधी नरेगा ने रोज़गार के पर्याप्त अवसर प्रदान करने वाली सशक्त ग्रामीण रोज़गारमूलक योजना के रूप में उत्कृष्ट योगदान कर सफलता प्राप्त की है एवं निर्बाध रूप से उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। यह योजना ग्रामीण भारत के विकास का पर्याय बनी है।

- डॉक्टर वेद प्रकाश पाराशर
(सहायक लेखा अधिकारी, मनरेगा)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

जैन तीर्थ स्थल कुंडलपुर और पीतल उद्योग है दमोह जिले की पहचान

दमोह, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 1 नवंबर 1956 को किया गया था। यह जिला पश्चिम में सागर, दक्षिण में नरसिंहपुर और जबलपुर, उत्तर में छतपुर, पूर्व में पन्ना और कटनी जिले से घिरा हुआ है।

दमोह जिले के सिंग्रामपुर को पाषाण-युगीन मानव सभ्यता स्थली होने का गौरव प्राप्त है। इस पुरातात्विक स्थल पर वीरांगना रानी दुर्गावती तथा मुगल शासक अकबर के सेनापति आसफ खां के साथ अंतिम युद्ध हुआ था, इसलिए इसका नाम सिंग्रामपुर पड़ा। दमोह, जैन तीर्थ स्थल कुंडलपुर और यहां स्थित बड़े बाबा के मंदिर के लिए देश-विदेश के जैन धर्मावलंबियों के बीच महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके अलावा जिले को पीतल उद्योग के लिए भी जाना जाता है।

इतिहास

दमोह का इतिहास बहुत प्राचीन है। जिले के सिंग्रामपुर कस्बे में मिले पौराणिक-काल के पाषाण हथियार इस बात का साक्ष्य हैं कि यह स्थान करोड़ों वर्ष पहले से मानव सभ्यता का हिस्सा रहा है। 5वीं शताब्दी में यह पाटलीपुत्र के भव्य एवं शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य का हिस्सा था। इसका प्रमाण जिले के विभिन्न स्थानों पर पाए जाने वाले शिलालेख, सिक्के, मंदिर व अन्य वस्तुएं हैं। जिनका संबंध समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त, और स्कंन्दगुप्त जैसे शासकों के शासन काल से था। 8वीं शताब्दी से 12वीं शताब्दी के मध्य दमोह जिले का कुछ भाग चेदी साम्राज्य के अंतर्गत आता था।

दसवीं शताब्दी के कलचुरी शासकों के स्थापत्य कला और शासन का जीता जागता उदाहरण है नोहटा का नोहलेश्वर मंदिर। ऐतिहासिक साक्ष्यों से पता चलता है कि दमोह जिले के कुछ क्षेत्रों पर चंदेलों का शासन था, जिसे जेजाक मुक्ति कहा जाता था। 14वीं शताब्दी में दमोह में मुगलों का अधिपत्य रहा और ग्राम सलैया तथा बटियागढ़ में पाए जाने वाले पाषाण शिलालेखों में खिलजी और तुगलक वंश के शासन का उल्लेख है। बाद में मालवा के सुल्तान ने यहाँ शासन किया। 15वीं शताब्दी के आखिरी दशक में गौड़ वंश के शासक संग्राम सिंह ने इसे अपने शक्तिशाली एवं बहुआयामी साम्राज्य में शामिल किया, जिसमें 52 किले थे। यह समय क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि का था।

सिंग्रामपुर में रानी दुर्गावती मुगल साम्राज्य के प्रतिनिधि सेनापति आसफ खान, की सेना से साहस पूर्ण युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। क्षेत्र में बुंदेलों और मराठों ने भी शासन किया। अंग्रेजी शासन से देश को आजाद कराने के आंदोलन में दमोह ने बराबरी से भाग लिया। हिडोरिया के ठाकुर, किशोर सिंह सिंग्रामपुर के राजा देवी सिंह, करीजोर के पंचम सिंह गंगाधर राव, रघुनाथ राव, मेजवान सिंह, गोविंद राव, इत्यादि के कुशल नेतृत्व में 1857 के विद्रोह में क्षेत्र के नागरिकों ने भी भाग लिया।

अर्थव्यवस्था

जिले की अधिकांश भूमि उपजाऊ है। जिले में मुख्यतः दो नदियां सुनार और बैरमा बहती हैं। धान, गेहूं और चना जिले की मुख्य फसलें हैं। दमोह जिले को पीतल उद्योग के लिए भी जाना जाता है। जिले की हटा तहसील इसका प्रमुख केंद्र है। साथ ही जिले में बड़े सीमेंट उद्योग भी हैं। दमोह शहर में एक बड़ा पशु बाजार है। साथ ही जिले में कई छोटे उद्योग हैं जिनमें बुनाई, रंगाई और मिट्टी के बर्तन बनाने का काम होता है। दमोह जिले में बड़ी संख्या में पान के बाग भी हैं। यहां से इसका निर्यात भी होता है।

दमोह जिले में मुख्य खनिज चूना पत्थर की कई खदानें हैं। साथ ही यहां डोलोमाइट, बलुआ पत्थर, शैल, लेटराइट, चर्ट बसिया, चर्टी डोलोमाइट आदि भी पाया जाता है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

जिले के नोहटा गांव के पास नोहलेश्वर शिव मंदिर स्थित है। भगवान शिव को यहां महादेव एवं नोहलेश्वर के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण 950-1000 ईसवीं के आसपास चालुक्य वंश के कलचुरी राजा की रानी ने कराया था। 10 वीं शताब्दी के कलचुरी साम्राज्य की स्थापत्य कला का यह एक बेजोड़ नमूना है। प्राचीन वास्तुकला की दृष्टि से यह जिले की सर्वोत्कृष्ट कृति है।

- दमोह जिले का सबसे प्रसिद्ध मंदिर जागेश्वर धाम बांदकपुर है, जिसे इलाके में बहुत प्रतिष्ठा प्राप्त है। इसे मराठा दीवान चांदुरकर ने बनवाया था। दमोह शहर के पास स्थित जटा शंकर मंदिर भी एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति विराजमान है।
- दमोह से करीब 35किमी दूर जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख और प्राचीन तीर्थ स्थल कुंडलपुर है। यहां पहाड़ी पर कई मंदिर स्थित हैं, प्रमुख मंदिर बड़े बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। यहां साल भर बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का आवागमन होता रहता है।
- जिले में सिंग्रामपर से करीब 06 किलोमीटर दूर सतपुड़ा की पहाड़ियों पर ऐतिहासिक महत्व वाला सिंगोरगढ़ का किला स्थित है। यहाँ प्राचीन काल में एक सभ्यता थी। इस किले को राजा बाने बसोर ने बनवाया था। 15वीं शताब्दी में राजा दलपत शाह अपनी रानी दुर्गावती के साथ यहां रहते थे।
- दमोह जिले में वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य,भैंसा जलप्रपात, जटाशंकर किला, मड़ियादो किला, निदान कुंड, बरी कनौरा का शिवलिंग, रनेह मठ, रंगमहल हटा, फुटेरा तालाब, सकोर के गुफाकालीन मंदिर, कोडल शिवमंदिर आदि अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. क्षेत्रफल- 7306 वर्ग किलोमीटर
3. जनसंख्या- 1,264,219 (पुरुष- 6,61,873, महिला- 6,02,346)
4. लिंग अनुपात- 901
5. जनघनत्व-170 प्रति वर्ग किलोमीटर
6. साक्षरता- 61.8%
7. तहसीलें- 8 (दमोह, दमयन्ती नगर, हटा , पथरिया, जबेरा, पटेरा, बटियागढ़ एवं तेंदूखेड़ा)
8. विकासखंड-7
9. ग्राम पंचायत- 460
10. ग्राम- 1229
11. नगर परिषद - 4
12. जनपद पंचायत- 7
13. नगर पालिका- 2
14. विधानसभा क्षेत्र- 4 (पथरिया, दमोह, जबेरा एवं हटा)
15. लोकसभा क्षेत्र- 1. दमोह
16. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

मान ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल, म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश का अंतिम अवसर सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(एम.एम.एल.टी.)** योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
3.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)**– 6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष
4.	बी.एस.सी. इन एक्स–रे **(बी.एक्स.आर.टी)**	3 वर्ष
5.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन **(डी.एम.एल.टी)**	2 वर्ष
6.	सर्टिफिकेट इन **एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन**	1 वर्ष
7.	जी.एन.एम.	3 वर्ष

क्रमांक 3 से क्रमांक 6 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्रमांक 7 के लिए 12वीं किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। R-48149/2023

LMS077

MPIDC M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIAT FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India)
Tel. : (91) 0755-2571830, 2575618, E-mail : helpdesk@mpidc.co.in
Website : www.invest.gov.in, CIN : U51102MP1977SGC001392
No. MPIDC/Tech-RFP/2023/86 Date : 30.01.2023

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

M.P. Industrial Development Corporation, Bhopal invites online Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Consultants and Architects for Providing Consultancy Services for Preparation of DPR, Bid Process Management and PMC/ SQC works for various infrastructure development projects as well as Architectural Services for various building construction & other projects in jurisdiction of MPIDC, Bhopal (MP).
(for Project Cost more than Rs. 100 Cr.)
For further details, please visit **https://mptenders.gov.in**
MPIDC HO.
M.P. Madhyam/108377/2023R-48156/2023 **CHIEF ENGINEER**

ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल- 462011

आम सूचना

''सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा **(आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2022 एवं वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा 2022)** का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा किसी विवाद के संचालित हो सके इस संबंध में बोर्ड द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा इस संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता-(1) श्री राहुल दिवाकर अधिवक्ता- 751 अग्रवाल कालोनी, जबलपुर (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 वी ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 वायएन. रोड, इंदौर एवं (3) श्री प्रवीण नेवारकर अधिवक्ता- के. ऑफ श्री के.एन. गुप्ता सीनियर एडवोकेट, सरदार आंगरे का बाड़ा, लाला का बाजार, लश्कर, ग्वालियर म.प्र. को उपलब्ध कराने का कष्ट करें''।
विज्ञापन-51/2023
म.प्र. माध्यम/108439/2023 R-48163/2023 **संचालक**

वन विभाग के अंतर्गत वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अन्तर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2022-23 के संबंध में आवश्यक सूचना

वन रक्षक एवं क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा 2022-23 हेतु जारी नियमपुस्तिका के अध्याय-1(अ) की कडिका 1.7(6) के संबंध में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल को आवेदकों से प्राप्त पृच्छाओं के परिप्रेक्ष्य में वन विभाग से प्राप्त पत्र अनुसार यह सूचित किया जाता है कि **वन विभाग के वनरक्षक पदों के लिए आवेदक, आवेदन करते समय नियुक्ति हेतु एक से अधिक जिलों का प्राथमिकता क्रम दर्शाते हुए चयन कर सकेगा। आवेदक की मेरिट एवं आवेदित जिलों में से प्राथमिकता क्रम अनुसार केवल एक जिले हेतु चयन किया जावेगा।** अतः आवेदक उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित कर सकते हैं।
परीक्षा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्र. 52/2023

संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board (MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
R-48164/2023 **Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in**

ह.प.

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, प्लेट क्र. 303 एवं 304, थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 23/2022-23

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 23/2022-23 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_248207_1, MPPHC_248208_1, MPPHC_248209_1 एवं MPPHC_248210_1 हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.02.2023 तक खरीदे जा सकते हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
R-48153/2023 म.प्र. माध्यम/108374/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री संभाग क्रमांक-01 , कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि काटेज रतन कॉलोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) पिनकोड-482002, फोन नं. : 0761-4927201
Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 01 के अंतर्गत जिला-छिंदवाड़ा में सी.एम. राइज (अ,ज,जा.) योजना अंतर्गत स्वीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तामियां जिला-छिंदवाड़ा के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-29 वर्ष 2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _248641_1 & 2023_ MPPHC _248642_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.02.2023 तक खरीद कर सायं 17:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही दिए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/108397/2023 R-48157/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462 011

NOTICE INVITING TENDER
No. 203/MTN/2023 (BW)

No./1493/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 01.02.2023
Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-
Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Post 5 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhindwara	3	21044000.00
2.	Jabalpur	1	7956000.00
3.	Khandwa	1	2410000.00
4.	Sagar	1	6693000.00
5.	Satna	1	3691000.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Mandla	1	6181000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **02.02.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108402/2023 R-48158/2023 **(TENDER)**

पंचकर्म सुपर स्पेशियलिटी केंद्र में फीजियोथैरेपी की विशेष व्यवस्था

भोपाल, पंडित खुशीलाल शासकीय आयुर्वेद संस्थान भोपाल में हाल ही में पंचकर्म सुपर स्पेशियलिटी एवं वेलनेस सेंटर शुरू किया गया है। इसका संचालन आयुष विभाग द्वारा किया जा रहा है। पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान मध्य भारत का अग्रणी स्वास्थ्य सेवा संस्थान है। सुपर स्पेशियलिटी एवं वेलनेस सेंटर एक विस्तारित सुविधा है। संस्थान के माध्यम से जनसामान्य को प्राकृतिक सिद्धांतों के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। आयुर्वेद स्वस्थ जीवन-शैली के संरक्षण से संबंधित जीवन का दर्शन है।

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
Tel.:0755- 4853297 Email : einc-mpbdc@mp.gov.in,ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No.: 1498/GM/MPBDC/CW/23/NIT-22 Bhopal, Dated: 30.01.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the Construction of **CM Rise School building** works at following locations :-

S. No.	Name of Work	Probable Amount of Contract (PAC) in Lacs	Completion Period in months including rainy season
1	Lateri District Vidisha	2849.42	15
2	Ganj Basoda District Vidisha	2853.63	15
3	Rajnagar District Chhatarpur	2871.62	15
4	Barigarh District Chhatarpur	3136.20	15
5	Mundi District Khandwa	2755.42	15
6	Pandhana District Khandwa	2756.30	15
7	Kundam District Jabalpur	2156.26	15
8	Adhartal and Vishnu Datt Sehora District Jabalpur	6289.90	18
9	Dunda District Seoni	3191.21	15
10	Bandri District Sagar	2772.45	15
11	Gadhoula Jageer District Sagar	2646.69	15
12	Dharampuri and Manawar District Dhar	5177.49	18
13	Kukshi District Dhar	2239.58	15
14	Tirla District Dhar	2076.69	15
15	Anjad and Rajpur District Barwani	4946.37	18
16	Pati and Silawad District Barwani	4807.00	18
17	Dodwada and Sendhwa District Barwani	4516.59	18
18	Dhanora and Murghai District Seoni	4586.29	18
19	Suktara District Seoni	1873.72	15
20	Dhuma District Seoni	1788.02	15
21	Gohparu District Shahdol	2019.97	15
22	Chabi District Mandla	2450.15	15
23	Kalpi District Mandla	2175.73	15
24	Anjaniya District Mandla	2306.68	15

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from **03.02.2023 (18:00 hrs.) to 24.02.2023 (15:30 hrs.) from website www.mptenders.gov.in.**
M.P. Madhyam/108385/2023 R-48154/2023 **MANAGING DIRECTOR**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 23/2022-23 सी.एम. राईज योजना अंतर्गत स्वीकृत (1) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राई का निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _248156) (2) शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरपुर का निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _248157) (3) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करंजिया (मोहतरा) का निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _248158) (4) शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा का निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_ MPPHC _248159) (5) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बन्नौदा का निर्माण कार्य जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _248160) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 21.02.2023 तक** खरीद कर सायं 6:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/108386/2023 R-48155/2023 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mobile No. :- 9425601534, ई-मेल :- bhopaldivision2@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/87/पर्य/भोपाल-02/तशा/2023 भोपाल, दिनांक 01.02.2023

प्रेस विज्ञप्ति

''जिला राजगढ़ में थाना कालीपीठ एवं थाना खिलचीपुर में विशेष मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-18/2022-23 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2023_MPPHC _249471_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.02.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/108426/2023 R-48161/2023 **परियोजना यंत्री**

केंद्र सरकार की दूरदर्शिता से गन्ना किसान खुशहाल

गन्ना किसानों की सबसे बड़ी समस्या का समाधान तलाशने में भारत को बड़ी कामयाबी मिली है। गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने ऐसी नीतियां तैयार की हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ जहां देश में गन्ने की पैदावार लगातार बढ़ रही है, वहीं गन्ने से तैयार चीनी और 'एथेनॉल' का उत्पादन भी उम्मीद से अधिक तीव्र हुआ है। बीते कुछ वर्षों में चीनी का निर्यात भी दिनों-दिन बढ़ रहा है। इससे गन्ना किसानों की अच्छी कमाई हो रही है। चीनी क्षेत्र को आत्मनिर्भर के तौर पर विकसित करने की दिशा में केंद्र सरकार ने दीर्घकालिक उपाय किए हैं। इनका परिणाम चीनी सत्र 2021-22 में सामने आया है। इस अवधि में भारत में 5 हजार लाख मीट्रिक टन (LMT) से ज्यादा गन्ने की पैदावार हुई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। इसमें से लगभग 3,574 लाख मीट्रिक टन गन्ने की चीनी मिलों में पिराई हुई। इससे 394 लाख मीट्रिक टन चीनी (सुक्रोज) का उत्पादन हुआ, जिसमें 36 लाख मीट्रिक टन चीनी का इस्तेमाल इथेनॉल उत्पादन में किया गया और चीनी मिलों द्वारा 359 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन किया गया।

एथेनॉल से घुल रही किसानों की जिंदगी में मिठास

2021-22 के दौरान चीनी मिलों और डिस्टिलरीज ने इथेनॉल की बिक्री कर बेहतरीन कमाई की है। बताया जाता है कि इस अवधि में एथेनॉल से करीब 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व अर्जित किया गया है। इससे गन्ना किसानों के चेहरे फिर से खिल उठे हैं। उन्हें अब अधिक मुनाफा कमाने का मौका मिल रहा है। ज्ञात रहे कि एथेनॉल को गन्ने की फसल से तैयार किया जाता है। देश की कई चीनी मिलों में इसका उत्पादन भी हो रहा है। वहीं एथेनॉल के दाम बढ़ने से चीनी मिलों को राहत मिली है और इसका सीधा फायदा अब किसानों को पहुंच रहा है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि गन्ना किसानों की जिंदगी में सबसे अधिक मिठास घोलने का कार्य एथेनॉल ने किया है। यही कारण है कि बीते कुछ वर्षों के दौरान एथेनॉल की उत्पादन क्षमता में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। यह 421 करोड़ लीटर से बढ़कर 867 करोड़ लीटर हो गई है। सरकार ने एथेनॉल के उपयोग को बढ़ाने का लगातार काम किया और वर्ष 2015 में एथेनॉल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क को भी हटा दिया।

सरकार समय-समय पर पेट्रोल के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल होने वाले एथेनॉल की कीमतों में भी इजाफा करती रही है। साल 2019 में केंद्रीय कैबिनेट ने एथेनॉल की कीमतों में इजाफा किया था। सरकार ने तब एथेनॉल की कीमतों में 30 पैसे से लेकर 2 रुपए तक का इजाफा किया था। इसका फायदा भी सीधा किसानों को हुआ।

ईंधन में एथेनॉल के बढ़ते इस्तेमाल से भी गन्ना किसानों को फायदा

एथेनॉल पर सरकार का खास फोकस इसलिए है, क्योंकि सरकार गन्ना किसानों की समस्या के अलावा इसके इस्तेमाल से अन्य समस्याओं के समाधान भी खोज रही है। सरकार चाहती है कि भारत 2040 तक एथेनॉल की कुल वैश्विक मांग में 25 फीसदी योगदान दे और 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त करे। इसी दिशा में सरकार एथेनॉल पर जोर दे रही है। एथेनॉल एक तरह का ईंधन होता है और इसे पेट्रोल के साथ मिलाकर गाड़ियों में इस्तेमाल किया जाता है। सरकार एथेनॉल के उत्पादन और इसके इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर इसलिए जोर दे रही है ताकि, पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम हो सके। खास बात ये है कि इससे प्रदूषण भी कम होता है।

भारत दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक

चीनी सत्र (अक्टूबर-सितंबर) 2021-22 में ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और उपभोक्ता के साथ-साथ ब्राजील के बाद दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी बनकर उभरा है। भारत घरेलू खपत के लिए अपनी आवश्यकता को पूरा करते हुए चीनी का निरंतर निर्यात भी कर रहा है, जिससे हमारे राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिली है। 4 चीनी सीजन; 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान क्रमशः 6 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी), 38 एलएमटी, 59.60 एलएमटी और 70 एलएमटी चीनी का निर्यात किया गया है।

सरकार की नीतियों से बदल रही गन्ना किसानों की जिंदगी

केंद्र सरकार की सक्रिय नीतियों के कारण गन्ने की खेती और चीनी उद्योग पिछले कुछ वर्षों में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और अब आत्मनिर्भरता के स्तर पर पहुंच गए हैं। यह समय पर सरकारी हस्तक्षेप और चीनी उद्योग, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ किसानों के साथ सहयोग का परिणाम है। हाल के वर्षों में चीनी क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा किए गए मुख्य उपाय इस प्रकार हैं :

- गन्ने के एफआरपी को गन्ने के उत्पादकों के लिए एक गारंटीकृत मूल्य सुनिश्चित करने के लिए तय किया गया है।
- सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में FRP में 34 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है।
- सरकार ने चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (MSP) की संकल्पना को भी प्रस्तुत किया है।
- चीनी मिलों के निर्यात की सुविधा के लिए, बफर स्टॉक को बनाए रखने के लिए, एथेनॉल उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए और किसानों के बकाया भुगतान के लिए चीनी मिलों को 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता।
- अधिशेष चीनी को एथेनॉल के उत्पादन में बदलकर चीनी मिलों की वित्तीय स्थितियों में सुधार किया।
- चीनी के निर्यात और एथेनॉल के लिए डायवर्जन के कारण, चीनी क्षेत्र आत्मनिर्भर हो गया है और मिलों की तरलता में सुधार हेतु निर्यात और बफर के लिए बजटीय समर्थन करने की आवश्यकता नहीं है।
- इसके अलावा, पिछले कुछ शुगर सीजनों के दौरान चीनी क्षेत्र के लिए किए गए विभिन्न अन्य उपायों के कारण, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ गन्ने की उच्च उपज देने वाली किस्मों के उपयोग की शुरुआत, ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाना, चीनी संयंत्र का आधुनिकीकरण और अन्य अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां, गन्ने की खेती का क्षेत्र, गन्ने का उत्पादन, गन्ने की तराई, चीनी उत्पादन और इसका रिकवरी प्रतिशत और किसानों को भुगतान में काफी वृद्धि शामिल है।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

इन निर्णयों से 5 करोड़ गन्ना उत्पादक किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ हो रहा है। कुछ साल पहले, 2013-14 चीनी सीजन में एफआरपी सिर्फ 210 रुपए प्रति क्विंटल था और सिर्फ 2397 एलएमटी गन्ना चीनी मिलों द्वारा खरीदा गया था। किसानों को केवल गन्ने की बिक्री से चीनी मिलों से सिर्फ 51,000 करोड़ मिलते थे। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने एफआरपी में 34 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। चीनी सीजन 2021-22 में, चीनी मिलों द्वारा लगभग 3,530 लाख टन गन्ना खरीदा गया, जिसकी कीमत 1,15,196 करोड़ रुपये रही, जो अब तक की सबसे अधिक है। ये तमाम कारण हैं जिनकी वजह से देश में गन्ने का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।

भारत से चीनी का आयात करने वाले प्रमुख देश

आज पूरी दुनिया में भारत की चीनी की मिठास घुल रही है। चीनी के निर्यात में हुई वृद्धि से इसके संकेत मिलते हैं। भारत की चीनी का निर्यात वर्तमान समय में 10 गुना अधिक बढ़ चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2013-14 के अप्रैल-जुलाई माह में भारत का चीनी का निर्यात 1,788 करोड़ रुपए का था जो वर्ष 2022-23 के अप्रैल-जुलाई की अवधि में 17,987 करोड़ रुपये हो चुका है। चीनी का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई, मलेशिया और अफ्रीकी देश शामिल हैं।

चीनी से लाभ कमाने वालों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य हैं, जो कि देश में कुल चीनी उत्पादन में लगभग 80% की हिस्सेदारी रखते हैं। वहीं देश के अन्य प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, हरियाणा तथा पंजाब शामिल हैं। भारत तीनों ही श्रेणियों- कच्ची, रिफाइंड और श्वेत- की चीनी का उत्पादन करता है। भारतीय चीनी उच्च गुणवत्ता वाली होती है और यह डैक्सट्रेन से मुक्त होती है, क्योंकि गन्ना काटने के बाद निम्नतम समय में मिल में गन्ने की पेराई होती है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार महिला रग्बी वर्ल्डकप जीतने का रिकॉर्ड है ?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) अमेरिका
(स) कनाडा (द) फ्रांस

2. भारतीय एथलीट अविनाश साबले एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा में खेलते हैं ?
(अ) मैराथन रेस (ब) स्टीपलचेस
(स) हर्डल रेस (द) पोल वॉल्ट

3. इनमें से किस खेल में बैलेंस बीम टर्म का इस्तेमाल होता है ?
(अ) निशानेबाजी (ब) एथेलेटिक्स
(स) जूडो (द) जिम्नास्टिक

4. भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमेक किस देश के खिलाड़ी रहे हैं ?
(अ) क्रोएशिया (ब) नीदरलैंड
(स) बेल्जियम (द) कोलंबिया

5. कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस देश ने हॉकी में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) भारत (ब) बेल्जियम
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) द. अफ्रीका

6. आईसीसी टी-20 विश्वकप-2024 में कितनी टीमें खेलेंगी ?
(अ) 10 (ब) 12
(स) 16 (द) 20

7. एशियन गेम्स-2018 में निशानेबाजी में पुरुष वर्ग स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं ?
(अ) सौरभ चौधरी
(ब) शार्दुल विहान
(स) अभिषेक वर्मा
(द) संजीव राजपूत

8. लुईस हैमिल्टन कितनी बार फॉर्मूला-वन चैम्पियन बन चुके हैं?
(अ) पांच बार
(ब) सात बार
(स) आठ बार
(द) इनमें से कोई नहीं

9. इनमें से किस शहर ने पहले ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की थी?
(अ) पेरिस (ब) लंदन
(स) एथेंस (द) लिस्बन

10. वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता था ?
(अ) लियोनेल मेसी
(ब) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(स) हैरी केन
(द) रॉबर्ट लेवानडोवस्की

11. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी कुश्ती से संबंधित नहीं है ?
(अ) बजरंग पूनिया
(ब) रवि दाहिया
(स) शिव थापा
(द) सत्यव्रत कादियान

12. कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट में कितने विकेट लिए हैं ?
(अ) 410 (ब) 434
(स) 440 (द) 519

13. डेनिल मेदवेदेव किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं ?
(अ) रूस (ब) पोलैंड
(स) यूक्रेन (द) चेक रिपब्लिक

14. वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने सर्बिया ओपन का खिताब जीता है ?
(अ) नोवाक जाकोविच
(ब) आंद्रे रूबलेव
(स) माटेओ बेरेटिनी
(द) जॉन इस्नर

15. वर्ष 2019 में किस देश ने डेविस कप जीता था ?
(अ) स्पेन (ब) क्रोएशिया
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) स्विट्जरलैंड

16. वर्ष 2022 में किस देश ने उबेर कप का खिताब अपने नाम किया था?
(अ) चीन (ब) जापान
(स) इंडोनेशिया (द) द. कोरिया

17. ब्रायन लारा ने टेस्ट क्रिकेट 400 रन की पारी किस देश के खिलाफ खेली थी ?
(अ) बांग्लादेश (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड (द) न्यूजीलैंड

18. एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप-2023 में किस देश ने पहली बार हिस्सा लिया है ?
(अ) बेल्जियम (ब) चिली
(स) पाकिस्तान (द) जापान

19. टेस्ट क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं ?
(अ) मोहम्मद यूसुफ
(ब) विवियन रिचर्ड्स
(स) रिकी पोंटिंग
(द) सचिन तेंदुलकर

20. राष्ट्रमंडल खेल-2022 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता हैं ?
(अ) नीरज चोपड़ा
(ब) अरशद नदीम
(स) एंडरसन पीटर्स
(द) जूलियस येगो

21. हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले इंग्लैंड ग्रिटोरियस किस देश के खिलाड़ी हैं ?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) वेस्टइंडीज
(स) द. अफ्रीका (द) आयरलैंड

22. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं ?
(अ) सूर्यकुमार यादव
(ब) दीपक हुडा
(स) रोहित शर्मा
(द) विराट कोहली

23. ओलिवर गिरोड किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं ?
(अ) स्पेन (ब) इटली
(स) फ्रांस (द) मैक्सिको

24. भारतीय एथलीट एन्डोस पॉल ने राष्ट्रमंडल खेल-2022 में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है ?
(अ) पोल वॉल्ट (ब) ट्रिपल जंप
(स) हाई जंप (द) लॉन्ग जंप

25. ला लीगा किस देश के लोकप्रिय घरेलू फुटबॉलर लीग है ?
(अ) स्पेन (ब) जर्मनी
(स) फ्रांस (द) इंग्लैंड

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (द), 4. (अ), 5.(स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (ब), 21. (स), 22. (द), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

भारतीय हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने दिया इस्तीफा

भुवनेश्वर, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रीड ने एफआईएच विश्वकप में भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह निर्णय लिया है। हॉकी इंडिया ने रीड के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है।

हॉकी इंडिया के अनुसार हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने एफआईएच विश्वकप के तुरंत बाद टीम के प्रदर्शन को लेकर रीड और सहयोगी स्टाफ से मुलाकात की थी, इस मुलाकात के दौरान रीड ने इस्तीफा सौंप दिया था। रीड के अलावा भारतीय हॉकी टीम के विश्लेषण कोच ग्रेग क्लार्क और वैज्ञानिक सलाहकार डेविड पेंबरटन ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

भारत ने जीता आईसीसी अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप

पोचेफस्ट्रूम, शेफाली वर्मा की अगुवाई में भारत की युवा महिला टीम ने इतिहास रच दिया है। भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब जीता है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने काफी शानदार क्रिकेट खेला और उनकी सफलता भविष्य के क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय टीम की जीत को ऐतिहासिक पल बताया है।

पोचेफस्ट्रूम में खेले गए विश्वकप के फाइनल मैच में भारतीय टीम की कप्तान शेफाली वर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। तेज गेंदबाज तितास साधु ने मैच के पहले ओवर में ही इंग्लैंड की बल्लेबाज लिबर्टी हीप को आउट कर भारत को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। इसके बाद अर्चना देवी ने पारी के चौथे ओवर में नियाम्ह हॉलैंड और ग्रेस स्क्रीवंस को आउट कर इंग्लैंड को बैकफुट पर ला दिया। मैच में इंग्लैंड की कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने खुलकर नहीं खेल सकी। मैच में महज 4 इंग्लिश बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सकीं। इंग्लैंड के लिए रियाना मैक्डॉनाल्ड ने सबसे ज्यादा 19 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की टीम 17.1 ओवर

- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार कोई आईसीसी खिताब जीता है।**
- **इससे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम दो बार वन-डे विश्वकप और एक बार ट्वेंटी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई थी।**
- **आईसीसी ने पहली बार अंडर-19 महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का आयोजन किया है।**
- **बीसीसीआई ने विश्वकप विजेता टीम को पांच करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।**

में महज 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भारत के लिए तितास साधु, अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा ने 2-2 तथा मन्नत कश्यप, शेफाली वर्मा और सोनम यादव ने 1-1 विकेट झटके।

जीत के लिए मिले 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत भी खराब रही। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली श्वेता सहरावत फाइनल मुकाबले में महज 5 रन बनाकर स्क्रीवंस का शिकार बनीं, वहीं शेफाली वर्मा भी 15 रनों की पारी ही खेल सकीं। इनके बाद सौम्या तिवारी और गोंगाडी त्रिशा ने 24-24 रनों की पारी खेल भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारतीय टीम ने 14 ओवरों में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। भारत की तितास साधु को प्लेयर ऑफ द मैच तथा इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रीवंस को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाज श्वेता सहरावत ने सबसे ज्यादा 297 रन बनाये।

जोनाथन क्रिस्टी ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट

जकार्ता, इंडोनेशिया के युवा शटलर जोनाथन क्रिस्टी ने इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया है। क्रिस्टी ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी चिको ऑरा वारडोयो को 21-15, 21-13 से हराकर खिताब जीता। क्रिस्टी ने मैच में वारडोयो के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया। क्रिस्टी ने पहले गेम में वारडोयो को पछाड़ते हुए 21-15 से जीत हासिल की, दूसरे गेम में वारडोयो से पलटवार की उम्मीद थी, लेकिन क्रिस्टी ने उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-13 से गेम अपने नाम किया। जोनाथन क्रिस्टी यह इस वर्ष पहला खिताब है। क्रिस्टी एशियन गेम्स-2018 में बैडमिंटन में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के सभी मैच में महिलाएं ऑफिशियल्स होंगी

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए मैच ऑफिशियल्स की सूची जारी कर दी है। आईसीसी ने कहा कि इस विश्वकप के सभी मैच में ऑफिशियल्स महिलाएं होंगी। आईसीसी द्वारा जारी 13 सदस्यीय मैच ऑफिशियल्स की सूची में भारत की जीएस लक्ष्मी, वृंदा राठी और एन. जननी शामिल हैं। इस विश्वकप में जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी की भूमिका में दिखेंगी, जबकि वृंदा और जननी अंपायर के रूप में नजर आयेंगी। आईसीसी ने कहा कि हम क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना चाहते हैं।

शुभमन की शतकीय पारी से भारत ने जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

अहमदाबाद, भारत ने वन-डे सीरीज के बाद न्यूजीलैंड को ट्वेंटी-20 सीरीज में भी चित कर दिया है। भारत ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। भारत ने सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 168 रनों से हराया। मैच के हीरो शुभमन गिल रहे। मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाये। भारत के लिए शुभमन ने 126, राहुल त्रिपाठी ने 44, हार्दिक पंड्या ने 30 और सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाये। 235 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम दबाव में बिखर गई। न्यूजीलैंड की टीम के 4 विकेट 7 रन के अंदर गिर गए। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल (35) ही अकेले संघर्ष करते नजर आये। न्यूजीलैंड की टीम 12.1 ओवर

में 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

- **ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से भारत की ये सबसे बड़ी जीत है।**
- **शुभमन क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज हैं।**
- **शुभमन ट्वेंटी-20 में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बने हैं।**
- **इससे पहले ये रिकॉर्ड विराट कोहली (122) के नाम था।**

मुरली विजय ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

चेन्नई, लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय मुरली ने यह फैसला क्रिकेट बिजनेस में अन्य अवसर तलाशने के लिए लिया है। माना जा रहा है कि मुरली विदेशी लीग में भाग ले सकते हैं। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार भारतीय क्रिकेटरों को विदेशी लीगों में खेलने के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेना जरूरी है। मुरली विजय ने वर्ष 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेले गए टेस्ट मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिसम्बर 2018 में खेला था। मुरली विजय ने 61 टेस्ट, 17 वन-डे और 9 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। मुरली ने टेस्ट क्रिकेट में 12 शतक लगाये हैं।

जोकोविच ने जीता 22वां एकल ग्रैंडस्लैम खिताब

मेलबर्न, सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर टेनिस में अपनी बादशाहत साबित की है। नोवाक जोकोविच ने वर्ष का पहला ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 7-6, 7-6 से हराया।

जोकोविच टूर्नामेंट की शुरुआत से ही जीत के दावेदार माने जा रहे थे। जोकोविच ने फाइनल मैच में प्रारंभ से ही अपना दबदबा बना लिया। पहले सेट में जोकोविच ने स्टेफानोस सितसिपास को आसानी से 6-3 से हरा दिया। सितसिपास ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की, दूसरा सेट बराबर रहने पर टाईब्रेकर में गया। टाईब्रेकर में जोकोविच ने 7-6 से जीत हासिल की। तीसरा सेट भी टाईब्रेकर में गया और एक



बार फिर जोकोविच टाईब्रेकर में जीत दर्ज कर अपना 22वां खिताब जीतने में सफल रहे। जोकोविच ने दूसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में सितसिपास को हराया है।

महिला वर्ग में सबालेंका बनीं चैम्पियन

ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जीता। सबालेंका ने फाइनल में कजाकिस्तान की इलिना रिबाकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। ये सबालेंका के टेनिस कॅरियर का पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब है।

टूर्नामेंट में सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी खिताब जीतने से चूक गई। सानिया और रोहन की जोड़ी को मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में लुईसा स्टेफनी और राफेल मातोस की जोड़ी ने 7-6, 6-2 से हराया। ये सानिया के टेनिस कॅरियर का आखिरी ग्रैंडस्लैम है।

- **पुरुष एकल वर्ग में जोकोविच और राफेल नडाल ने 22-22 ग्रैंडस्लैम जीते हैं।**
- **नोवाक जोकोविच ने दसवीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है।**
- **जोकोविच ने सात बार विम्बलडन, तीन बार यूएस ओपन और दो बार फ्रेंच ओपन भी जीता है।**
- **ये जोकोविच के कॅरियर का 93वां एटीपी खिताब है।**

वेस्टइंडीज टीम के परफॉर्मेंस मेंटॉर बने ब्रायन लारा

सेंट जॉंस, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का परफॉर्मेंस मेंटॉर नियुक्त किया है। वेस्टइंडीज के क्रिकेट निदेशक जिमी एडम्स ने कहा कि लारा टीम के मेंटॉर होने के साथ-साथ बोर्ड की एकेडमी का काम-काज भी देखेंगे। उन्होंने कहा कि लारा सभी कोचों की मदद करेंगे और खिलाड़ियों को तकनीकी सलाह देंगे, ताकि उनके खेल का स्तर बेहतर हो। एडम्स ने कहा कि इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्वकप को देखते हुए उनकी नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि लारा के मार्गदर्शन में टीम विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उल्लेखनीय है कि ब्रायन लारा विश्व के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में शुमार हैं। लारा ने वर्ष 1990 से 2007 के बीच वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है।

एफआईएच हॉकी विश्वकप

तीसरी बार बना विश्व चैम्पियन जर्मनी

भुवनेश्वर, जर्मनी ने 17 वर्ष बाद एफआईएच पुरुष हॉकी विश्वकप का खिताब जीता है। जर्मनी ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गत चैम्पियन बेल्जियम को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। जर्मनी ने तीसरी बार एफआईएच विश्वकप जीता है।

फाइनल मैच अंतिम समय तक रोमांचक रहा। बेल्जियम की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए जर्मनी पर दबाव बनाया। मैच का पहला गोल 10वें मिनट में बेल्जियम के फ्लोरेंट वेन ओबेल ने किया। इसके एक मिनट बाद टॉमस कोसिन्स ने गोल कर बेल्जियम की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने काउंटर अटैक किया और 29वें मिनट में निकलस वेलेन के गोल के जरिए

जर्मनी का खाता खोला। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास किए।

मैच के 41वें मिनट में गोंजालो पेइलट ने और 48वें मिनट में मैट्स ग्राहमबोश ने शानदार गोल कर जर्मनी को 3-2 से आगे कर दिया। हालांकि जर्मनी की बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं पाई, निर्धारित समय खत्म होने से ठीक पहले (59वें मिनट) बेल्जियम के टॉम बून ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर यही रहा, जिसके कारण विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में जर्मनी ने पांच गोल किए, जबकि बेल्जियम की टीम चार गोल ही कर सकी। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्वकप में नीदरलैंड्स की टीम तीसरे स्थान पर रही। नीदरलैंड्स ने तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया।

- **जर्मनी ने इससे पहले वर्ष 2002 और 2006 में भी जीता है एफआईएच हॉकी विश्वकप।**
- **पाकिस्तान ने सर्वाधिक चार बार और ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड्स एवं जर्मनी ने तीन बार जीता है खिताब।**
- **भारत और बेल्जियम एक-एक बार बने हैं एफआईएच हॉकी विश्वकप के चैम्पियन।**

सामयिकी

भारत सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनने का हकदार

संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष साबा कोरोसी ने भारत यात्रा से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की

- **आक्रमण के खिलाफ सुरक्षा परिषद को कदम उठाना चाहिए, लेकिन वीटो पावर की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाती।**

आलोचना की है। उन्होंने कहा कि परिषद आज की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती, यह पंगु हो गई है। सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रयासों में भारत सबसे आगे रहा है। यह स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने का हकदार है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए थे। सितंबर 2022 में अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी किसी देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। कोरोसी ने रूस का नाम लिए बिना कहा कि जब कोई स्थायी सदस्य पड़ोसी देश पर हमला करता है, तो परिषद विश्व में शांति और सुरक्षा कायम रखने जैसे अपने मूल कार्य करने में भी सक्षम नहीं दिखाई देती।

हंगरी के रहने वाले कोरोसी 77वें संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

एन.सी.सी. पीएम रैली

युवा शक्ति भारत की विकास यात्रा की प्रेरक शक्ति है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर-एन.सी.सी. पीएम रैली को

- **इस वर्ष एन.सी.सी. अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मना रहा है।**
- **प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान एन.सी.सी. के 75 सफल वर्षों के उपलक्ष्य में एक विशेष डे कवर और 75 रुपये मूल्यवर्ग का विशेष रूप से ढाला हुआ एक स्मारक सिक्का जारी किया।**

संबोधित करते हुए कहा कि भारत और एन.सी.सी. दोनों इस वर्ष अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। श्री मोदी ने उन लोगों के प्रयासों की प्रशंसा की जिन्होंने एन.सी.सी. का नेतृत्व करके और इसका हिस्सा बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कैडेट्स से कहा कि एन.सी.सी. कैडेट और राष्ट्र के युवा दोनों के रूप में वे देश की 'अमृत पीढ़ी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आने वाले 25 वर्षों में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और एक 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने 60 दिनों तक रोजाना 50 किलोमीटर की दूरी तय करके कन्याकुमारी से दिल्ली तक का सफर पूरा करने के लिए एकता की मशाल के लिए कैडेट्स की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि इस मशाल और शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्र को संचालित करने वाली प्रमुख ऊर्जा के रूप में युवाओं की प्रमुखता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, 'जब सपने संकल्प में बदलते हैं और उसके प्रति जीवन समर्पित किया जाता है तो सफलता सुनिश्चित होती है। भारत के युवाओं के लिए ये समय नए अवसरों का समय है। हर जगह यह स्पष्ट है कि भारत का समय आ गया है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और यह सब भारत के युवाओं के कारण है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब देश युवाओं की ऊर्जा और उत्साह से भरा होता है, तो उस देश की प्राथमिकता हमेशा उसके युवा ही होंगे।। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा, जो उन्हें उनके सपनों को हासिल करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने रेखांकित करते हुए कहा कि देश के युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों को खोला जा रहा है, चाहे वह डिजिटल क्रांति हो, स्टार्ट-अप क्रांति हो या इनोवेशन क्रांति, इन सबका सबसे बड़ा लाभ भारत के युवाओं को ही तो हो रहा है। प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में सुधारों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि असॉल्ट राइफलें और बुलेट प्रूफ जैकेट भी भारत में आयात किए जाते थे, लेकिन वर्तमान में भारत सैकड़ों रक्षा उपकरणों का निर्माण कर रहा है। उन्होंने तेजी से हो रहे सीमावर्ती बुनियादी ढांचे के काम को भी रेखांकित किया और कहा कि यह भारत के युवाओं के लिए अवसरों और संभावनाओं की एक नई दुनिया खोलेगा।

रक्षा बलों और एजेंसियों के साथ जुड़ने की युवाओं की आकांक्षा के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशेष रूप से देश की बेटियों के लिए अपार संभावनाओं का समय है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई है। श्री मोदी ने कहा कि सीमाओं पर तीनों सेनाओं की महिलाओं की तैनाती का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने नौसेना में नाविकों के रूप में महिलाओं की पहली भर्ती की घोषणा की। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं ने सशस्त्र बलों में लड़ाकू भूमिकाओं में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि महिला कैडेट्स के पहले बैच ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी-एनडीए, पुणे में प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा कि 1500 लड़कियों को सैनिक स्कूलों में प्रवेश दिया गया है क्योंकि इन स्कूलों को पहली बार छात्राओं के लिए खोला गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एन.सी.सी. ने भी पिछले एक दशक में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि देखी गई है।

प्रधानमंत्री ने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि यह केवल भारत का अमृत काल नहीं है, बल्कि भारत के युवाओं का अमृत काल है और जब राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा, तो वे युवा ही होंगे जो सफलताओं के शिखर पर होंगे। श्री मोदी ने अंत में कहा, 'हमें कोई अवसर नहीं गंवाना चाहिए और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए।'

पनडुब्बी का जानदार इंजन सीक्रेट मिशन में बैटरी जल्द चार्ज करेगा

नौसेना को स्कॉर्पीन क्लास की 5वीं पनडुब्बी मिलना इस लिहाज से बेहद अहम है कि इस समय हमारा पनडुब्बी बेड़ा

- **रूस, जर्मनी से ली गईं 11 पुरानी पनडुब्बियां। इनमें है 7 किलो-क्लास और 4 टाइप 209**
- **फ्रांस से करार के तहत बन रहीं स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में से 5 नेवी को मिल चुकी हैं, छठी इसी साल मिलेगी।**

बुनियादी स्तर पर आ चुका है। हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती उपस्थिति के बीच आईएनएस वागीर एक बड़ी उपलब्धि है। यह दुश्मन के रडार को आसानी से चकमा दे सकती है। टारपीडो हमले के साथ टचूब के जरिये पोतरोधी मिसाइल लॉन्च कर सकती है। आवाज कम करती है। दुश्मन की नजर से बच सकती है। नौसेना ने कहा कि पनडुब्बी में विशेष अभियानों के लिए समुद्री कमांडो को लॉन्च करने की क्षमता है, जबकि इसका जानदार डीजल इंजन गुप्त मिशन के लिए बैटरी को जल्दी चार्ज कर सकता है। आत्मरक्षा के लिए इसमें अत्याधुनिक टारपीडो डिकॉय सिस्टम है। इसका रडार सिस्टम दुनिया के सबसे बेहतरीन सिस्टम में से एक है। इसमें एक साथ 50 से अधिक नौसेना के जवान और अधिकारी कोई भी मिशन में शामिल हो सकते हैं। नौसेना के पास जितना विशाल जल क्षेत्र निगरानी के लिए है, उस हिसाब से अंडर वाटर प्लेटफार्म्स की संख्या सीमित है।

यूरोपीय देशों में 2 साल से ज्यादा एक ही सरकार नहीं चाहते लोग

लोगों में अधिकारों को लेकर बढ़ती जागरूकता और जनमत के दबाव का नतीजा है कि दुनिया में लोकतांत्रिक

- **ब्रिटेन में 2022 में तीन प्रधानमंत्री बने।**

सरकारें और उनके नेता अब तेजी से बदल रहे हैं।

यूरोप के ज्यादातर देशों में हर दो साल में सरकार बदल रही है। इसका कारण है लोग दो साल से ज्यादा समय तक एक सरकार नहीं चाहते हैं।

एक अध्ययन में सामने आया कि ज्यादातर यूरोपीय देशों में दो साल में एक बार सरकार में बदलाव हो गया। वेल्जियम, फिनलैंड और इटली में सबसे कम कार्यकाल वाली सरकारें रहीं। इन देशों में सरकारें औसतन एक साल भी नहीं चलीं।

संविधान में तय कार्यकाल से बहुत कम समय तक सरकारें चल सकीं। वहीं लग्जमबर्ग में सरकार का औसत कार्यकाल सबसे ज्यादा साढ़े चार साल का रहा। हालांकि यह भी पांच साल के तय कार्यकाल से कम रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर की स्टडी के अनुसार इसमें ब्रिटेन का उदाहरण दिया गया है, जहां 2022 में बिना चुनाव दो नये प्रधानमंत्री बने। यूरोप के सभी देशों में यह हुआ है। बेल्जियम, एस्तोनिया, फिनलैंड, इटली, लातविया, पोलैंड और स्लोवेनिया में यह बहुत आम है।

ब्रिटेन की अस्थिरता के पीछे ब्रेग्जिट की भूमिका

इंस्टीट्यूट फॉर गवर्नेंट के जिल रटर का कहना है कि 2016 में ब्रेग्जिट वोट ब्रिटेन की राजनीति में 6 साल के दौरान अस्थिरता का सबसे प्रमुख कारण रहा है। डेविड कैमरन के ब्रेग्जिट पर 2016 में जनमत संग्रह कराने के बाद से 6 साल में चार प्रधानमंत्री आये हैं।

बजट 2023-24

अमृत काल के लिए विजन प्रस्तुत करता है यह बजट

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय बजट 2023-24 पेश करते हुए कहा कि अमृत काल का विजन एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था को प्रतिबिम्बित करेगा। उन्होंने कहा कि हमने एक समृद्ध और समावेशी भारत की परिकल्पना की है जिसमें विकास के फल सभी क्षेत्रों और नागरिकों विशेष रूप से हमारे युवाओं, महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तक पहुंचे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अमृत काल में पहले बजट की घोषणा की जिसका सात प्राथमिकताओं द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा, जो सप्तऋषि की तरह एक दूसरे का सम्पूर्ण करती हैं। ये सात प्राथमिकताएं इस प्रकार हैं: समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा एवं

निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र। छूट के संबंध में घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने नई कर व्यवस्था में छूट सीमा को बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया, जिसका अर्थ यह होगा कि नई कर व्यवस्था में 7 लाख रुपए तक आय वाले व्यक्तियों को कोई कर अदा नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में, 5 लाख रुपए तक की आय वाले व्यक्ति पुरानी तथा नई दोनों कर व्यवस्थाओं में किसी कर का भुगतान नहीं करते। मध्यम वर्गीय व्यक्तियों को राहत प्रदान करते हुए उन्होंने स्लैब की संख्या को घटाकर 5 करने तथा कर छूट सीमा को बढ़ाकर 3 लाख करने के द्वारा नई व्यक्तिगत आयकर व्यवस्था में कर संरचना में बदलाव का प्रस्ताव रखा।

नई दरें इस प्रकार हैं:-

कुल आय (रुपया)	दर (प्रतिशत)
0-3 लाख तक	0
3-6 लाख तक	5
6-9 लाख तक	10
9-12 लाख तक	15
12-15 लाख तक	20
15 लाख से अधिक	30

यह बजट वंचितों को वरीयता देता है : प्रधानमंत्री

बजट को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के अमृत काल में पहले बजट ने विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और आकांक्षी समाज, गरीबों, गांवों और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने का प्रयास करता है।

सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी है बजट : मुख्यमंत्री श्री चौहान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्म-निर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। यह बजट सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार मानते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग और देश के हर राज्य के कल्याण की व्यवस्था बजट में निहित है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।